● जयपुर, मंगलवार, 6 फरवरी 24 ● वर्ष 01 ● अंक 169 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.com | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 सिब्बल-दिग्विजय ने कांग्रेस का सत्यानाश किया, सुधारना है तो ऊपर...

पेज @4 जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक...

पेज @8 सैमसंग गैलेक्सी टैब एस 9 सीरिज जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल...

## पीएम ने 2014 के अंतिम बजट से वित्त मंत्री की बात को दोहराया

# हमारा तीसरा कार्यकाल अब ज्यादा दूर नहीं, इसके बड़े फैसले रखेंगे 1000 सालों की नींव : पीएम मोदी



**नई दिल्ली/एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम चुनाव से पहले संसद में अपने आखिरी भाषण के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के वादे को दोहराया. इस बार उन्होंने भाषण के दौरान किसी आंकड़े को पेश नहीं किया. इसकी बजाए उन्होंने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी.
प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण देते हुए दावा किया कि लोकसभा चुनाव में इस बार बीजेपी को 370 से ज़्यादा सीटें मिलेंगी. साथ ही उन्होंने एनडीए को 400 से ज़्यादा सीटों का भी दावा किया. पीएम ने कहा कि हमारा तीसरा कार्यकाल 1,000 सालों की नींव रखने का काम करेगा और उसमें बहुत बड़े फैसले होंगे.
प्रधानमंत्री ने विपक्ष को भी जमकर घेरा. उन्होंने कहा कि विपक्ष कई दशकों तक वहीं बैठा रहा. उन्होंने कहा कि आ×िखर कब तक विपक्ष समाज को बांटता रहेगा. इन लोगों ने देश को बहुत तोड़ा है. कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का मौका मिला था. लेकिन वे विफल हो गए. प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए राहुल गांधी को भी घेरा. उन्होंने कहा कि एक ही प्रॉडक्ट को बार-बार लॉन्च करने के चक्कर में दुकान पर ताला लगाने की नौबत आ गई है.
पीएम मोदी ने कहा, ''दुनिया भारत से प्रभावित है. जी 20 शिखर सम्मेलन इसका प्रमाण है. हमारे तीसरे कार्यकाल में... भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा और यह मोदी की गारंटी है''. उन्होंने कहा, ''जब हम कहते हैं कि हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे, तो विपक्ष कहता है कि यह अपने आप हुआ है और इसमें कुछ बड़ा नहीं है. मैं युवाओं को बताना चाहता हूं कि यह कैसे होता है और सरकार का इसमें कितना बड़ा योगदान होता है.''
पीएम मोदी ने कहा कि 2014 में तत्कालीन वित्तमंत्री ने कहा था कि ''अगले 30 सालों में आकार और ताकत के हिसाब से भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा. अब हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की बात कर रहे हैं तो विपक्ष को तो खुश होना चाहिए''.

## फास्ट टेक

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस, वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में

नई दिल्ली,05 फरवरी (आरएनएस)। भारत मौसम विज्ञान (आईएमडी) विभाग ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से तीन डिग्री ज्यादा है। दिन के लिए आईएमडी के पूर्वानुमान से पता चला है कि अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।
मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार को बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना बहुत कम है। आईएमडी ने एक्स पर पोस्ट किया, उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, 5 फरवरी को भारतीय समयानुसार सुबह 05.30 बजे पंजाब और पश्चिम राजस्थान में घने कोहरे को छोड×कर देश के किसी भी हिस्से में घने कोहरे की कोई बड़ी स्थिति नहीं है।
कई दिनों तक बहुत खराब और गंभीर श्रेणी में रहने के बाद, शहर भर के कई स्टेशनों पर एक्यूआई मध्यम और खराब श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार इलाके में सुबह 9 बजे पीएम 2.5 का स्तर 212 यानी खराब श्रेणी में दर्ज किया गया और पीएम 10 का स्तर 131 पर पहुंच गया।
शून्य और 50 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को अच्छा माना जाता है। 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।
इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर पीएम 2.5 का स्तर 162 और पीएम 10 का स्तर 140 दर्ज किया गया।

# मेरी गिरफ्तारी देश के लोकतंत्र के लिए काला दिनः हेमंत सोरेन

## देश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी- हेमंत



**रांची**

विधानसभा में हेमंत सोरेन ने कहा कि 31 तारीख देश का काला अध्याय है. देश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हुई. इसमें राजभवन भी शामिल रहा है. झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के लिए आज का दिन बहुत अहम है. विधानसभा में उन्हें बहुमत हासिल करना है. इससे पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सत्र का शुरुआती अभिभाषण दिया. झारखंड विधानसभा सदन में चंपाई सोरेन सरकार के विश्वास मत की प्रक्रिया अब शुरू हो रही है. सत्ता पक्ष और विपक्ष के तमाम विधायक विधानसभा में मौजूद हैं. महागठबंधन के सभी विधायक बस से एक साथ विधानसबा पहुंचे हैं. विश्वास मत के लिए वोटिंग करने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन भी विधानसभा पहुंचे हैं.. उन्हें एऊकी टीम साथ लेकर आई है.
जेएमएम नेतृत्व वाले 40 विधायक, जो भाजपा द्वारा खरीद-फरोख्त की आशंकाओं के बीच हैदराबाद चले गए थे, मतदान में हिस्सा लेने के लिए रविवार शाम को रांची लौट आए थे. चंपाई सोरेन को विश्वास है कि उनकी जीत होगी.
झारखंड सरकार को गिराने के लिए सुनियोजित साजिश रची गई. मेरी गिरफ्तारी देश के लोकतंत्र के लिए काला दिन था. ये हमें अछूत मानते हैं. 2022 में ही मेरी गिरफ्तारी की पठकथा लिख दी गई थी.
विधानसभा में हेमंत सोरेन ने कहा कि 31 तारीख देश का काला अध्याय है. देश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हुई. इसमें राजभवन भी शामिल रहा है. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेने ने विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि कोरोना काल के दौरान हम देशभर में फैले झारखंड के मजदूरों को हवाई जहाज से राज्य में लेकर आए थे. उन्होंने कहा कि हेमंत है तो हिम्मत है.

### हेमंत सोरेन को फिलहाल झारखंड हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत, कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली : प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के खिलाफ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत से हेमंत सोरेन को आज कोई राहत नहीं मिली है. हाईकोर्ट के चीफ न्यायाधीश जस्टिस एस. चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच ने ईडी से जवाब मांगा. कोर्ट ने ईडी को 9 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 12 फरवरी की तिथि निर्धारित की.
इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन की याचिका सुनने से इनकार करते हुए उन्हें हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया था. सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद धनशोधन के एक मामले में बुधवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया था. ईडी ने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़े धनशोधन के आरोपों को लेकर सात घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद बुधवार को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था.

## योगी सरकार ने यूपी को दिया 25 हजार करोड़ रुपये की नई योजनाओं का तोहफा

# अयोध्या दुनिया का बड़ा पर्यटन केंद्र बनाः वित्त मंत्री

**लखनऊ/एजेंसी।**


उत्तर प्रदेश सरकार सरकार आज सदन में वर्ष 2024-25 का बजट पेश कर रही है. वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधान सभा में बजट पेश किया. इस दौरान सीएम योगी के साथ बीजेपी के अन्य विधायक भी सदन में मौजूद रहे. उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को विधानसभा में यूपी का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया. वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का 7 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये का बजट पेश किया. इसमें सरकार 24 हजार करोड़ रुपये की नई योजनाएं भी लाई है.
बजट भाषण में राज्य के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि, डार्क जोन में नए निजी ट्यूबवेल कनेक्शन देने पर लगी रोक हटा दी गई है, जिससे करीब एक लाख किसानों को सीधा फायदा हुआ. उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-2024 में करीब 37 लाख किसान क्रेडिट कार्ड अक्टूबर, 2023 तक वितरित किये गये.
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2022-2023 के लिये लगभग 10 लाख बीमित किसानों को अक्टूबर, 2023 तक 831 करोड़ रूपये की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया है. दिसंबर 2023 तक 2 करोड़ 62 लाख किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से लगभग 63,000 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई. वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वर्तमान सरकार द्वारा लगभग 48 लाख गन्ना किसानों को 2.33 लाख करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है. यह गन्ना मूल्य भुगतान पिछले 22 वर्षों के संयुक्त गन्ना मूल्य भुगतान 2.1 लाख करोड़ रुपये से 20,274 करोड़ रुपये अधिक है.



यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा, अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के निर्माण से हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र को काफी प्रोत्साहन मिला है. अयोध्या दुनिया का बड़ा पर्यटन केंद्र बन गया है. भारत और विश्व से यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है जिससे हमारी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है.
यूपी का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि, हमारी सरकार अब तक लगभग 6 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफल रही है. उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में बेरोजगारी की दर केवल 2.4 प्रतिशत रह गई है. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सेमी कन्डक्टर नीति को मंजूरी दी गई है. यह नीति प्रदेश में सेमी कन्डक्टर इकाईयों की स्थापना एवं विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी. वित्त मंत्री खन्ना ने कहा कि जिससे देश और विदेश से प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश प्राप्त होगा. उन्होंने कहा कि ऐसी नीति लाने वाला उत्तर प्रदेश देश का चैथा राज्य बन गया है.

## शराब घोटाला मामला

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 फरवरी बढ़ाई



**नई दिल्ली/एजेंसी।** शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 फरवरी को अगली सुनवाई तक के लिए बढ़ा दी गई।दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया था।
7 जुलाई को ईडी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि उन्होंने दिल्ली शराब नीति मामले में मनीष सिसोदिया, उनकी पत्नी और कुछ अन्य आरोपी व्यक्तियों की 52.24 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। इस साल 26 फरवरी को सीबीआई द्वारा सिसौदिया को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने 9 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। डी ने मामले में आप संचार प्रभारी विजय नायर को भी गिरफ्तार किया था। शराब घोटाला मामला इस आरोप से संबंधित है कि आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की 2021-22 की उत्पाद नीति ने गुटबंदी की अनुमति दी और कुछ डीलरों का पक्ष लिया, जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए रिश ?वत दी थी। आप ने इस आरोप का जोरदार खंडन किया है और केंद्र की भाजपा सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध में शामिल होने का आरोप लगाया है।

## डीके सुरेश की भारत तोड़ने की धमकी पर कांग्रेस देश से मांगे माफी

राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था। लेकिन उनकी पार्टी के ही बेंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डीके सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निन्दा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है। लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता।

भारत संप्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं। संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई 'हम भारत के लोग' है। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शान्ति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखंड श्रद्धा है। भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है। भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है।

उत्तर दक्षिण या पूरब पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने सम्पूर्ण भारत के गीत गाए हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम 'वन्दे मातरम' है। भारती कहते हैं, "पराधीन जीवन पर लज्जित सारा भारत एक साथ है/हम सब यह संकल्प करेंगे/कभी नहीं परतंत्र रहेंगे/हम वन्दे मातरम् कहेंगे।" भारती दक्षिण के थे। पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भारती के हृदय में वन्दे मातरम् है। भारती की कविताओं में सप्तसिन्धु भी है और भूगोल की दृष्टि से यह उत्तर पश्चिम में है। भारती को दक्षिण भारतीय कहा जा सकता है। यह सही भी है। लेकिन भारती के हृदय और बुद्धि में अखिल भारतीय अनुराग है। उनके मन में उत्तर की गंगा बहती हैं और दक्षिण की कावेरी भी। ज्ञान को उत्तर दक्षिण में नहीं विभाजित किया जा सकता। वे दक्षिण के कांचीपुरम में बैठकर काशी के विद्वानों का संवाद सुनना चाहते हैं, "ऐसे यंत्र बनाएंगे/कांचीपुरम में बैठकर/काशी के विद्वतजन का संवाद सुनेंगे।" भारती लिखते हैं, "मुख में वेदों का वास/हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी।" विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के। लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चारधामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारम्भिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी। तमिल में लिखी गई उनकी रामायण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहती है। देश के किसी भी तत्ववेत्ता और सृजक ने उत्तर दक्षिण की बात नहीं की है। डॉ. राधाकृष्णन दक्षिण के थे। दर्शन के पाठ के लिए सभी विद्वान राधाकृष्णन पर निर्भर हैं। देश तोड़ने की धमकी प्रत्येक दृष्टि से अपराध है। इसे विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार नहीं माना जा सकता। संविधान अनुच्छेद (19) में विचार अभिव्यक्ति की आजादी पर अनेक मर्यादाएं अधिरोपित की गई हैं।

कांग्रेस स्वयं में देश के स्वाधीनता संग्राम और भारतीय स्वतंत्रता का श्रेय लेती है। स्वाधीनता संग्राम का प्रमुख जीवन मूल्य राष्ट्रीय एकता था। एकता की धारक और प्रचारक कांग्रेस के जिम्मेदार लोग अलग राष्ट्र की मांग उठाने की धमकी दे रहे हैं। इसी तरह की धमकी इसके पहले तमिलनाडु में सत्तासीन पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम ने भी दी थी। तब डीएमके के सांसद ए. राजा ने कहा था कि केन्द्र सरकार तमिलनाडु को और अधिकार दे वरना अलग देश के लिए लड़ाई होगी। ऐसी अलगाववादी मांगें असंवैधानिक तो हैं ही राष्ट्रद्रोह की सीमा में भी आती हैं। आश्चर्य है कि सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ सदस्य नेता की खतरनाक टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। राजनैतिक अभियान की भाषा मर्यादित ही होनी चाहिए। वक्तव्यों और भाषणों से लाभ उठाना अलग बात है लेकिन राष्ट्रीय एकता अखंडता और संप्रभुता के प्रश्नों पर कठोर अनुशासन की आवशयकता है। राजनैतिक अभियानों की आदर्श भाषा से लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ती है।

अलग देश की मांग की धमकी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। दक्षिण भारत के सैकड़ों विद्वानों ने राष्ट्रीय एकता के गीत गाए हैं। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने करोड़ों नौजवानों को प्रेरित किया था। मूलभूत प्रश्न है कि क्या डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को भी उत्तर दक्षिण की सीमा में विवेचन का विषय बनाया जाए? क्या प्रख्यात शिक्षाविद राजगोपालाचारी को भी दक्षिण तक सीमित कर दिया जाए? क्या शंकराचार्य और रामानुज को भी दक्षिण की सीमा में ही गिना जाए? यह आश्चर्यजनक है कि स्वाधीनता के 76 वर्ष बाद भी हमारे राजनेता धौंस धमकी की भाषा बोलते हैं और राष्ट्रीय एकता सम्प्रभुता को ठेंगे पर रखते हैं। राष्ट्रीय एकता और सम्प्रभुता को लेकर एक दृष्टि कांग्रेस और डीएमके की है और एक दृष्टि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है। कांग्रेसी दृष्टि में अलग देश की धमकी का अपराध भी राजनीतिक कार्यवाही है। वही मोदी की उपस्थिति में काशी में लगभग डेढ़ हजार तमिल भाषी विशिष्टजनों के समागम का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने सम्बोधन में राष्ट्रीय एकता की बात कही थी। काशी प्राचीन ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण शक्ति केन्द्र है। कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि देश की राष्ट्रीय एकता का मूल तत्व सांस्कृतिक एकता है। समूचे देश के लोग इस धमकी से गुस्से में हैं। कांग्रेस को इस बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

# अब तो गलती सुधारने की पहल करे मुस्लिम समाज



आशीष वशिष्ठ

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा वाराणसी के प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में हुए सर्वेक्षण से उस दावे की पुष्टि हो गई है कि वह हिन्दू मंदिर पर ही बनाई गई थी। इस सर्वेक्षण को रोकने के लिए मुस्लिम पक्ष द्वारा न्यायालय में चरम सीमा तक जाकर तर्क दिए गए। बीती 31 जनवरी को वाराणसी की एक न्यायालय ने हिन्दू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद के व्यास जी तलगृह में पूजा का अधिकार दे दिया है। पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना शुरू हो गई है। हिन्दू पक्ष कुछ समय से ज्ञानवापी परिसर में स्थित एक तलगृह में पूजा का अधिकार मांग रहा था। यह तलगृह मस्जिद परिसर में है। वर्ष 1992 तक व्यास जी तलगृह में पूजा नियमित तौर पर होती थी। 06 दिसंबर, 1992 को हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1993 से व्यास जी के तलगृह को बंद कर दिया गया और बैरिकेडिंग कर दी गई थी। उस समय समाजवादी पार्टी की सरकार थी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। अयोध्या में राम जन्मभूमि मामले को लेकर भी मुलायम सिंह यादव ने बैरिकेडिंग लगवा दी थी जिससे सांप्रदायिक माहौल न बिगड़े और लड़ाई-झगड़े न हों। पहले बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग की गई और बाद में पक्की तरह से बंद कर दिया गया। इसके बाद यहां पर वार्षिक माता शृंगार गौरी की पूजा हो रही थी।

ज्ञानवापी में किए गए सर्वेक्षण की जो रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत हुई, उसके आधार पर कोई भी कह सकता है कि वह मंदिर ही है। मुस्लिम पक्ष को इसका ज्ञान काफी पहले से था। इसीलिए उन वस्तुओं को छिपा और ढक दिया गया था जो हिन्दू धर्म के प्रतीक और चिह्न हैं। सबसे बड़ी बात शिवलिंग का मिलना है। पौराणिक ग्रंथों से पता चलता है कि ज्ञानवापी कुआं का निर्माण स्वयं भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से किया था। पौराणिक काल से ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का इलाका अविमुक्त क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध रहा है। महाभारत में भी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के पूरे क्षेत्र को अविमुक्त क्षेत्र के नाम से पुकारा गया है। वर्तमान में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद भी अविमुक्त क्षेत्र का ही भाग रहा है। इस क्षेत्र में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद को मुक्त कराने के लिए सैकड़ों वर्षों से विश्व भर के हिंदू संघर्ष कर रहे हैं।

होना तो यह चाहिए था कि स्वतंत्रता के बाद केंद्र सरकार मुगल काल में हिन्दू धर्मस्थलों को तोड़कर या उन्हीं ढांचों पर खड़ी की गई मस्जिदों को हिन्दुओं को सौंपने की नीति बनाती। लेकिन कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां मुसलमानों की नाराजगी से बचने के लिए हिन्दुओं के वैध दावों को ठुकराती रहीं। मथुरा और वाराणसी में हिन्दुओं के सर्वोच्च आराध्यों के पवित्र मंदिर के बगल में बनी मस्जिद के हिन्दू मंदिर होने की बात पंडित नेहरू से लेकर तमाम नेताओं को ज्ञात थी। लेकिन उन्होंने इस दिशा में सोचने का कष्ट इसलिए नहीं उठाया क्योंकि वे हिन्दुओं की सहनशक्ति को जानते थे। वरना क्या कारण था कि हिन्दुओं की विवाह व्यवस्था संबंधी रीति-रिवाजों को तो उलट-पलट दिया गया किंतु मुस्लिम पर्सनल लॉ को छेड़ने की हिम्मत नहीं हुई।



देश का बंटवारा धर्म के नाम पर हमारे नेताओं ने स्वीकार किया था। सर्व धर्म समभाव के भारतीय संस्कारों के कारण भले ही मुस्लिमों की बड़ी आबादी भारत में रह गई और पाकिस्तान के उलट भारत ने अपने को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाया किंतु ये भी उतना ही सही है कि तत्कालीन शासकों ने मुस्लिम तुष्टीकरण के फेर में बहुसंख्यकों की धार्मिक भावनाओं को धक्का पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यदि सरदार पटेल न होते तब बड़ी बात नहीं सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी न हो पाता। अयोध्या का विवाद तो स्वाधीनता के पहले से चला आ रहा था। वास्तव में, देश में एक ऐसी जमात है जो भय और लोभ से भरी हुई है। उसमें कायरता का कीचड़ है। वह ऐतिहासिक यथार्थ और सांस्कृतिक सत्य का सामना करने से कतराती है। समस्या का समाधान सौदेबाजी में तलाशती है और समस्या को टालते जाने को अपनी कुशलता और चतुराई मानती है। इस जमात के भगीरथ हैं राजनेता। ऐसा राजनेता जिनकी सोच और दृष्टि का क्षितिज केवल एक चुनाव से दूसरे चुनाव तक का है। भावी पीढ़ियों, दशाब्दियों और शताब्दियों की बात सोचने का सामर्थ्य उनमें नहीं है। वे हम मर गए तो किसने दुनिया देखी की मानसिकता से पीड़ित हैं।

सत्ता लोभ और चुनाव में पराजय के भय से पीड़ित इन लोगों को राष्ट्रीय अस्मिता की अवमानना करने और उसे नकारने में लाज ही नहीं आती। लोभ, भय ओर मौन हो जाने का परिणाम भारत का राष्ट्रीय समाज 75 वर्ष पूर्व भुगत चुका है। राजनीतिक नेतृत्व में भय एवं राष्ट्रीय समाज के मौन से तुष्टिकरण और खुशामद कर जन्म हुआ था। यह इतिहास सिद्ध अनुभव है कि हिन्दुओं का मौन राष्ट्र के विभाजन को जन्म देता है। अल्पसंख्यकों की मुखरता और उनका तुष्टिकरण राष्ट्र के भूगोल को बिगाड़ता और इतिहास का मान भंग करता है।

1991 में केंद्र की नरसिम्हा राव सरकार ने जो कानून बनाया उसके अनुसार 15 अगस्त, 1947 को किसी भी धर्मस्थल की जो स्थिति थी उसे परिवर्तित नहीं किया जाएगा। लेकिन अयोध्या विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने अपना निर्णय इस आधार पर दिया कि बाबरी ढांचा हिन्दुओं के मंदिर को मस्जिद का रूप देकर खड़ा किया गया था। ठीक वही बात ज्ञानवापी के बारे में भी सामने आ रही है। अयोध्या विवाद को सुलझाकर सर्वोच्च न्यायालय ने जो रास्ता खोल दिया वह उन सभी धर्मस्थलों को मुक्त करवाने में सहायक होगा जिनको मुस्लिम शासकों ने बलपूर्वक मस्जिद का रूप दे दिया। मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के बारे में भी ऐसा ही दावा है। ये सब देखते हुए मुस्लिम धर्मगुरुओं को अपने समुदाय के लोगों को समझाना चाहिए कि वे हठधर्मिता के बजाय समझदारी और व्यवहारिकता से काम लें। इसमें दोराय नहीं है कि मुगलों द्वारा पूरे देश में हिन्दुओं के धर्मस्थलों को नष्ट करने का काम बड़े पैमाने पर हुआ। प्राचीन धर्मस्थलों के बारे में जो तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं वे चौंकाने वाले हैं।

ज्ञानवापी में हिन्दू पक्ष को पूजा का अधिकार प्रदान करने के न्यायालय के निर्णय के बाद मुस्लिम पक्ष ने इस पर नाराजगी जताई है। मुस्लिम पक्ष ने कहा है कि फैसले के बाद हाई कोर्ट में इस आदेश के खिलाफ अपील की जाएगी। मुस्लिम पक्ष ने इस फैसले को नकार दिया है। इससे पहले मुस्लिम पक्ष ने एएसआई के सर्वे को भी नकार दिया था। ज्ञानवापी परिसर में स्थित माता शृंगार गौरी भी पूजा का अधिकार मांगा जा रहा है। देखा जाए तो, मुस्लिम पक्ष द्वारा इस बारे में वही गलती दोहराई जा रही है जो अयोध्या विवाद में देखने मिली। इसलिए इस विवाद को निपटाने के लिए अदालत ही एकमात्र विकल्प बचता है, जहां ठोस प्रमाणों के आधार पर निर्णय होते हैं। अयोध्या में हिन्दू मंदिर होने की बात भी वहां किए गए उत्खनन से ही तय हुई। वही प्रक्रिया ज्ञानवापी के बारे में भी अपनाई जा रही है।

मुस्लिम समाज को ये बात समझ लेनी चाहिए कि जिन राजनीतिक दलों के बहकावे में आकर वह सच्चाई की स्वीकार करने से बचता है उनका उद्देश्य मात्र उनके वोट प्राप्त करना है। जहां मूर्ति हो और जिस भूमि पर जबरन कब्जा किया गया हो, वहां मस्जिद बनाने और नमाज पढ़ने को कुरान और पैगम्बर दोनों ने मना किया है। मस्जिद को हटाने का भी कुरान में निषेध नहीं है। ऐसे में वो विशाल हृदय का प्रदर्शन करते हुए अतीत में मुगल शासकों द्वारा हिन्दुओं के धर्मस्थलों पर बलपूर्वक अधिकार जमाने और नियंत्रण किए जाने वाली गलती को सुधारने की पहल करते हुए उनकी सद्भावना प्राप्त करें। सद्भावना और सहिष्णुता एकपक्षीय नहीं, द्विपक्षीय होती है। एक पक्ष को अपमानित करके दूसरे पक्ष को सम्मान देने से सद्भाव को नहीं, शत्रुता का जन्म होता है। जन-जन को दिग्भ्रमित करने के दुष्चक्र की लंबी कहानी है।


**(लेखक, स्वंत्रत टिप्पणीकार हैं।)**

# दतिया के प्राचीन वैभव से मुलाकात



प्रमोद दीक्षित मलय

रात 11.30 की ट्रेन लगभग आधे घंटे विलंब से अतर्रा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर पहुँची थी। मैं जल्दी से अपना पिट्ठू बैग उठाकर कोच में चढ़ गया, सीट पर बैग रखा और भीगे बालों को हाथ से झटक कर साफ किया। दरअसल आसमान पर बादल भी यात्री बन साथ हो लिए थे और लगातार बरस रहे थे। कोच में चढ़ते वक्त बारिश की बूँदें यात्रियों को हल्का भिगो दे रही थीं। सीट पर चादर बिछाई और बैग सिरहाने लगा सो गया। सुबह चाय गरम, चाय गरम की आवाज से नींद टूटी। सूरज भी अँगड़ाई लेकर झाँकने लगा था। पूरे कोच में चहल-पहल थी। सामने की सीट पर एक विवाहित जोड़े को बैठा पाया। बात करने पर पता चला कि हमीरपुर से बैठे हैं, रोजी-रोटी की तलाश में परदेश कमाने निकले हैं। मैंने पूछा कि दिल्ली जाओगे। युवक की बजाय पत्नी बोली, "नहीं बाबू साहब, यहीं झाँसी में काम करेंगे।" घर क्यों छोड़ा ? अबकी बार युवक बोला, "खेती भर से गृहस्थी नहीं चलती, कुछ महीने बाहर कमा लेंगे तो घर में मदद मिल जायेगी, इस साल बहन की शादी-गौना भी करना है।" युवक-युवती बातचीत और पहनावे से पढ़े-लिखे लगे। "बाबू जी! गरम चाय पिएँगे, अदरक वाली मस्त चाय है।" चायवाले वेंडर की आवाज से युवक से बातचीत का क्रम टूटा, मैंने दस रुपए का सिक्का थमा चाय का कुल्हड़ लिया। मैंने उन दोनों को चाय ऑफर की पर उन्होंने मना कर दिया। यह मऊरानीपुर स्टेशन था, ट्रेन अब पटरियों पर फिसलने लगी थी। कोच में तैरती बातचीत से पता चला कि ट्रेन एक घंटा लेट है। दरअसल मऊरानीपुर से बहुत सारे कर्मचारी और शिक्षक झाँसी के लिए यात्रा करते हैं, वही लोग आपस में बातचीत कर रहे थे। मैंने देखा कि उनमें से चार लोगों ने सूटकेस को घुटनों के ऊपर रख ताश खेलना शुरू कर दिया था। अरे, मैंने यह तो बताया ही नहीं कि मैं कहाँ की यात्रा पर निकला हूँ। मित्रों! मैं दतिया, मध्यप्रदेश एक साहित्यिक कार्यक्रम में सहभाग करने जा रहा हूँ। आयोजन 5-6 सितम्बर, 2023 को है।



लगभग चालीस मिनट की देरी से ट्रेन दतिया स्टेशन पहुँची। मैंने ऑटो लिया और होटल पहुँच स्नानादि से निवृत्त होकर जलपान कर सभागार में बैठ गया। पूरे देश से साहित्यकार जुटे थे, बहुत सारे परिचित थे, सभी से आत्मीय भेंट हुई। मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक श्री विकास दवे द्वारा मुझे शॉल ओढ़ाकर सम्मान पत्र भेंट किया गया। शाम को कविता पाठ सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में मेरा स्वागत हुआ। भोजन करके अपने कमरे में जाकर सो गया। सुबह दतिया के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को यात्रा का कार्यक्रम था।


सुबह जल्दी जगने की आदत होने के कारण नींद स्वाभाविक रूप से खुल गयी। दो-एक साथी और जग गये थे जो होटल के बारामदे में टहल रहे थे। बाहर मार्निंग वॉक करने के मेरे प्रस्ताव पर वे दोनों मेरे साथ हो लिए। खुला शांत माहौल, सड़क के किनारे हम टहलते दो किमी आगे निकल गये। फेफड़ों में ताजी हवा भरकर वापस हुए। एक गुमटी पर चाय पी और होटल पहुँचे।

थोड़ी देर तैयार होकर जलपान किया और बैग लेकर बाहर खड़ी बस में सभी लोग बैठ गये। बस चल पड़ी। पहला पड़ाव माँ पीताम्बरा देवी के द्वार पर। रात की बारिश से सड़क और मंदिर परिसर गीला था। बाहर की दुकान से प्रसाद और एक दोना पुष्प-माला लेकर मुख्य द्वार पर पहुँचे। वहाँ पर मोबाइल जमा कर टोकन लिया, निकट ही जूते उतार दर्शनार्थियों की पंक्ति में लग गये। भीड़ नहीं थी, बहुत सहजता से पीताम्बरा माई का दर्शन कर आगे धूमावती माता का दर्शन कर अन्य मंदिरों में स्थापित भगवान परशुराम मंदिर, सरस्वती मंदिर, काल भैरव मंदिर आदि मंदिरों में स्थापित देव प्रतिमाओं का दर्शन कर पुण्यभागी बने। पीताम्बरा पीठ की स्थापना 1935 में एक सिद्ध संत द्वारा महाराज शत्रुजीत सिंह बुंदेला के सहयोग से की गई थी। यहाँ तांत्रिक तंत्र साधना हेतु आते हैं। 1962 के चीनी आक्रमण के दौरान पं. जवाहर लाल नेहरू को यजमान बनाकर 11 दिवसीय तांत्रिक यज्ञ हुआ, 9वें दिन युद्ध रुक गया था। ये सब जानकारी वहाँ साधनारत एक पंडित जी ने बताई थीं। दर्शन पूरा हुआ, लौटकर द्वार पर टोकन दे अपना मोबाइल वापस पाया और बस में बैठे। बस चल पड़ी राजा वीर सिंह महल की ओर। महल बस्ती के अंदर है तो बस 500 मीटर पहले ही रोक दी गई। सभी लोग पैदल चलकर महल पहुँचे। आयोजकों ने टिकट की व्यवस्था की और सभी महल में दाखिल हुए। गाईड ने बताया कि इस महल का निर्माण 1620 में राजा वीर सिंह जूदेव ने जहांगीर के स्वागत के लिए कराया था। महल 8-9 वर्षों में पूरा हुआ। वीर सिंह ने तब 52 स्मारक बनवाये थे जिनमें महल, तालाब, चौकी, मंदिर आदि थे। यह महल सात मंजिला है पर ऊपर की तीन-चार मंजिलें दर्शकों के लिए बंद कर दी गई हैं। इसके निर्माण में लोहे और लकड़ी का प्रयोग नहीं किया गया, केवल ईट-पत्थर उपयोग किया। उस समय इसके निर्माण में 35 लाख रुपए लागत आई थी। यह मुगल और राजपूत स्थापत्य शैली में निर्मित है। दतिया पधारने के अनुरोध को जहांगीर ने विनम्रतापूर्वक मना कर दिया। तबसे यहाँ कोई राजा ठहरा नहीं। स्वास्तिक आकार में बने महल में लगभग दो घंटा रुकने के बाद बस में बैठ आगे बढ़े। रास्ते में एक हनुमान मंदिर में भोजन किया और पहुँच गये जैन तपस्थली सोनागिरि मंदिर पर्वत पर। यहाँ एक टीले पर 108 छोटे-बड़े जैन मंदिर हैं जिनमें क्रमांक 57वाँ मंदिर अति विशाल और दिव्य-भव्य है। जैन तीर्थंकर चंद्रप्रभु की 3 मीटर से अधिक ऊँची प्रतिमा स्थापित है। मंदिर की स्थापना 9वीं शती की बताई जाती है।

प्रत्येक वर्ष वर्ष प्रतिपदा से रंगपंचमी तक मेला लगता है और रथयात्रा निकलती है। वार्षिक समारोह के दौरान ध्वजारोहण कार्यक्रम होता है और शिखर पर लगा झंडा बदला जाता है। बहुत ही शांत वातावरण है, यहाँ से जाने का मन नहीं करता पर जाना विवशता थी क्योंकि वापसी ट्रेन शाम की थी। उनाव के सूर्य मंदिर का दर्शन करवा कर बस ने मुझ सहित कुछ साहित्यकारों को स्टेशन के पास उतार कर होटल की ओर बढ़ गई। ट्रेन समय से थी, मैं अपनी सीट पर लेटे हुए कार्यक्रम और भ्रमण की स्मृतियों में खो गया।

**(लेखक शिक्षाविद् एवं शैक्षिक संवाद मंच के संस्थापक हैं।)**

# जीवन के लिए खतरा बन रहा है माइक्रोप्लास्टिक



ज्ञानेन्द्र रावत

आधुनिक जीवनशैली के तहत हम सभी अपने जीवन को सुखमय बनाने की दिशा में अद्वितीय प्रयास कर रहे हैं। वह चाहे भौतिक सुख संसाधनों का सवाल हो, खाने-पीने का सवाल हो या फिर परिधान का ही सवाल क्यों न हो, अपनी सामर्थ्यानुसार अच्छे से अच्छे पा लेने या खाने-पीने में खर्च करने में कोई कोताही नहीं करते हैं। लेकिन पिछले लम्बे समय से माइक्रोप्लास्टिक की खाद्य पदार्थों में दिनोंदिन बढ़ती मौजूदगी चिंता का सबब बन गयी है। अब तो हालत यह है कि प्लास्टिक के ये कण नदियों और महासागरों ही नहीं, पर्वतों की ऊंची-ऊंची चोटियों पर जमी बर्फ में भी मिल रहे हैं। आज स्थिति यहां तक आ पहुंची है कि अब ये पीने के पानी में भी मौजूद हैं। जिस बोतलबंद पानी को हम सबसे ज्यादा सुरक्षित मानते हैं, कई अध्ययनों ने यह खुलासा किया है कि वही पानी आज कल जानलेवा बना हुआ है। पैकेज्ड बोतलों में बंद पानी में प्लास्टिक के ये छोटे-छोटे कण जिन्हें हम माइक्रोप्लास्टिक के नाम से जानते हैं और उनको सामान्य दृष्टि से हम देख भी नहीं सकते, हमारे लिए कतई सुरक्षित नहीं हैं। इनसे हृदय रोग, मधुमेह और अन्य मानव जीवन के लिए खतरनाक बीमारियों का अंदेशा बढ़ गया है। यह बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद खतरनाक है। कोलंबिया यूनीवर्सिटी के वैज्ञानिकों द्वारा स्टीमुलेटेड रैमन स्कैटरिंग माइक्रोस्कोपी की तकनीक के जरिये किये शोध जो प्रोसीडिंग्स आफ दि नेशनल ऐकेडेमी आफ साइंसेज में प्रकाशित हुआ, से खुलासा हुआ है कि अब बोतलबंद पानी में भी माइक्रोप्लास्टिक के कण मौजूद हैं। इसने दुनिया के वैज्ञानिकों को हैरत में डाल दिया है। शोध ने यह साबित कर दिया है कि बोतलबंद एक लीटर पानी में माइक्रो प्लास्टिक के औसतन 2,40,000 कण मौजूद हैं। शोध के अनुसार बोतलबंद पानी की अलग अलग बोतलों में प्रति लीटर 1,10,000 से लेकर 3,70,000 तक कण मौजूद थे जिनमें से 90 फीसदी नैनो प्लास्टिक के कण थे जबकि बाकी माइक्रो प्लास्टिक के कण थे।



दरअसल 5 मिलीमीटर से छोटे टुकड़े को माइक्रो प्लास्टिक कहा जाता है जबकि नैनो प्लास्टिक एक माइक्रो मीटर यानी एक मीटर के अरबवें हिस्से को कहा जाता है। गौरतलब यह है कि ये कण इतने छोटे होते हैं कि इंसान के पाचन तंत्र और फेफड़ों में मिलकर मस्तिष्क व हृदय समेत शरीर के सभी अंगों को प्रभावित कर सकते हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि ये प्लेसैंटा से होते हुए अजन्मे बच्चे के शरीर में पहुंचकर प्रभावित कर सकते हैं। ये गैस्ट्रिक समस्या से लेकर शारीरिक असमानताओं यथा विकलांगता के कारण भी बन सकते हैं। गौरतलब है कि ये कण विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक से उत्पन्न होते हैं जैसे कि पालीएथिलीन और पालीप्रोपिलीन जो सेहत को और खतरनाक बना सकते हैं। सबसे खतरनाक यह है कि इंसान एक साल में 10 हजार माइक्रो प्लास्टिक के टुकड़े या तो खा रहा है या फिर वह सांसों के जरिये अपने शरीर में डालकर जानलेवा बीमारियों को जन्म दे रहा है।

सच तो यह है कि हम बोतलबंद पानी के रूप में पानी नहीं, जहर पी रहे हैं। यह धीरे धीरे हमारे शरीर के अंगों को बेकार बना रहा है। इसमें प्लास्टिक कणों की मौजूदगी यदि लम्बे समय तक जारी रहती है तो सेहत के साथ-साथ हमारे पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। असलियत में बोतलबंद पानी में अधिकांशतः प्लास्टिक का उपयोग होता है जिसमें ऊर्जा की जरूरत पड़ती है। संसाधनों की कमी के कारण अक्सर प्लास्टिक बनाने में जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल होता है जो पर्यावरण में हानिकारक प्रदूषकों जैसे ग्रीनहाउस गैसों तथा पार्टीकुलेट मैटर आदि के उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। प्लास्टिक की बोतल में पानी भरने की प्रक्रिया में प्रतिवर्ष 2.5 मिलियन टन कार्बन डाई आक्साइड वायुमंडल में उत्सर्जित होती है। फिर डिस्पोजेविल पानी की बोतलों का कचरा बहकर समुद्र में जाकर सालाना 9.1 मिलियन समुद्री जीवों की मौत का सबब बनता है। बोतलबंद पानी की पूरी प्रक्रिया में पारिस्थितिक तंत्र पर लगभग 2.400 गुणा अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है और 3,500 गुणा अधिक लागत आती है। जहां तक प्लास्टिक का सवाल है,दुनिया में पानी को बोतल में बंद करने में हर साल लगभग 2.7 मिलियन टन प्लास्टिक का इस्तेमाल होता है। साथ ही उस बोतलबंद पानी को बाजार में ले जाने से वायु प्रदूषण और कार्बन डाई आक्साइड का उत्सर्जन होता है जो ग्लोबल वार्मिंग में योगदान देता है। अधिकांशतः प्लास्टिक की बोतलें जलाने से क्लोरीन गैस और भारी धातुएं जैसे जहरीले उत्पाद हवा में फैल जाते हैं। दरअसल जहां बोतलबंद पानी पर्यावरण, सार्वजनिक ही नहीं मानवीय स्वास्थ्य आदि को प्रभावित करता है, वहीं उसकी बोतलें हमारे जल भंडारों व भूजल स्रोतों को नष्ट करती हैं। इसके साथ बोतलबंद पानी का कारोबार करने वालों का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी काफी बुरा प्रभाव पड़ता है क्योंकि वे जो पानी जमीन से खींचते हैं, उसका वे नाममात्र का मूल्य अदा करते हैं और कहीं-कहीं तो वे वह भी नहीं चुकाते हैं। यदि हम मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को बचाना चाहते हैं तो हमें बार्सीलोना इंस्टीट्यूट आफ ग्लोबल हैल्थ के अध्ययन के सुझाव के अनुसार बोतलबंद पानी की जगह नल का पानी पीना चाहिए। ग्लास या स्टेनलैस स्टील के कंटेनरों में नल के पानी को भरकर उसका सेवन करें। प्लास्टिक में पैक चीजों के इस्तेमाल से बचें। क्योंकि प्लास्टिक के कणों के कारण शिशुओं और छोटे बच्चों को सबसे अधिक खतरे का सामना करना पड़ता है। कारण उनका मस्तिष्क और शरीर विषाक्त पदार्थों के प्रभावों के प्रति अत्याधिक संवेदनशील होता है। साथ ही नल की टोंटी में फिल्टर लगा लेने से यह जोखिम काफी कम हो जायेगा। इससे जीवन के कुल नुकसान होने वाले वर्षों की संख्या को 36 फीसदी तक कम किया जा सकता है। इस बारे में शोधकर्ता आई एस ग्लोबल कैथरीन टोन कहते हैं कि पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों पर विचार करने से यह निष्कर्ष निकलता है कि बोतलबंद पानी व्यापक प्रभाव पैदा करता है जबकि उसकी तुलना में नल का पानी बेहतर विकल्प है। सबसे बड़ी अहम बात यह कि हमें स्वयं भी इस मुद्दे पर उचित सावधानी बरतनी होगी और पैकेज्ड पानी की बोतलें खरीदने से पहले हमें उन प्रतिष्ठानों की भी जांच करनी चाहिए जो स्वास्थ्य और सुरक्षा के मानकों का दावा करते हैं। इस बारे में उत्तराखण्ड में प्लास्टिक विरोधी अभियान की नेत्री पर्यावरणविद व राज्य में थैले वाली महिला के रूप में विख्यात प्रोफेसर डा० अनुभा पुंढीर का कहना है कि इस समस्या का समाधान केवल सरकारी निर्णयों या सरकारी स्तर पर नहीं हो सकता, बल्कि हमें भी उपभोक्ता के स्तर पर सजग रहना होगा। प्लास्टिक कणों के हानिकारक प्रभावों को समझ कर हमें पानी का उचित तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए। यही नहीं हम अपने स्वास्थ्य की देखभाल के साथ-साथ पर्यावरण की भी उचित देखभाल-संरक्षण करें ताकि आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ और सुरक्षित रह सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### मनीषा कुमारी मीणा का बहुउद्देशीय महिला प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी समिति के पद पर चयन



**चमकता राजस्थान। वैर (राजवीर सिंह)।** भरतपुर जिले में पहली बहुउद्देशीय महिला प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष के पद पर मनीषा कुमारी मीणा पत्नि रवि मीणा जोरवाल मनोनीत हुई है। यह समिति भरतपुर जिले की भुसावर तहसील के गांव निठार में पहली महिला समिति बनी है। अध्यक्ष मनीषा मीणा ने कहा कि में गांव की गरीब, पिछड़ी, विधवा महिलाओं के लिए अधिक से अधिक इस सोसाइटी से लाभ प्रदान करवाने के लिए सदैव तत्पर रहूंगी। को ऑपरेटिव बैंक भुसावर मैनेजर ने सर्टिफिकेट देते हुए सभी को सम्मानित किया।इस मौके पर निठार,बल्लभगढ़ को ऑपरेटिव समिति के अध्यक्ष रतन मीणा पूर्व जिला परिषद सदस्य जगदीश मीणा पूर्व सरपंच बृजेश मीणा राजेश मीणा दिवली किरोड़ी मीणा केसराम मीना लखन मीणा रवि निठार मौजूद रहे।

### सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी का ग्रामीण जनों ने किया सम्मान समारोह।



**चमकता राजस्थान। भुसावर (राजवीर सिंह)।** उपखण्ड के गांव अलीपुर निवासी सेवा निवृत हुए वरिष्ठ लिपिक का गांव पहुंचने पर ग्रामीण जनों ने साफ माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार भुसावर उपखंड के गांव अलीपुर निवासी प्रशासनिक अधिकारी रहें बृजेंद्र सिंह चौधरी का राजकीय सेवा से सेवानिवृत होने पर गांव अलीपुर निवासी समाज सेवी भामाशाह अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के वसीर खां, गप्पुर खां ग्राम पंचायत अलीपुर सरपंच, रामबीर सिंह गुर्जर और पूर्व सरपंच कुलदीप सिंह, गुरुचरण सिंह,राजबीर सिंह, फिरोज खां सहित ग्रामीण जनों की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में साफा एवं माला कर सम्मान किया।इस अवसर पर गांव अलीपुर की जनता जनार्दन मौजूद रही।

### अवैध खनन को रोकने के लिए साधु संतो ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौपा ज्ञापन।



**चमकता राजस्थान। भुसावर (राजवीर सिंह)।** जन-जन की आस्था के प्रतीक काला पहाड़ जिसको गोवर्धन का दूसरा रूप माना जाता है। जिसकी क्षेत्र के लोग दर्शन व परिक्रमा करते हैं और लाखों श्रद्धालु पूजा करने आते हैं। जिसको साधु संतों की तपोस्थली कहते हैं।जहां 50 से ज्यादा देवी देवताओं का वास है। जिसमें क्रेशर वालों की तरफ से अवैध खनन करके उसकी अस्तित्व को समाप्त किया जा रहा है। जिसका साधु संतों में भारी आक्रोश व्याप्त है। काला पहाड़ बचाओ संगठन के अध्यक्ष कालूराम बाबा ने बताया कि ग्राम पंचायत अलीपुर, बवेखर ,जसवर, सुआकी आदि में क्रेशर का संचालन किया जा रहा है तथा अवैध खनन हो रहा है। जिससे इस पहाड़ का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया की क्रशरों पर अवैध ब्लास्टिंग से पशुओं के जीवन को खतरा बना हुआ है जिसका मानव जीवन पर बहुत ही दुष्प्रभाव पड़ रहा है यहां तक गौ माता व औरतों के गर्भ गिर जाते हैं और मकान में दरार आ जाती है खनन कार्य होने से पर्यावरण भी दूषित हो रहा है सरकारी नियमों का सरेआम उल्लंघन किया जा रहा है साधु संतों ने तहसील कार्यालय पर प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो क्षेत्र के साधु संत उग्र आंदोलन करेंगे।

## कोटाः पूर्व मंत्री खाचरियावास के सामने बुजुर्ग कार्यकर्ता बोले-

# सिब्बल-दिग्विजय ने कांग्रेस का सत्यानाश किया, सुधारना है तो ऊपर सुधारो

चमकता राजस्थान

**कोटा।** कांग्रेस के पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा- कोटा में रिवर फ्रंट बना, इसकी चर्चा पूरे देश-दुनिया में हो रही है। अशोक गहलोत और शांति धारीवाल ने चम्बल रिवर फ्रंट बनवाया है। उन्होंने बीजेपी को चेतावनी देते हुए कहा- 'तुम्हारी मां का दूध पिया हो तो चम्बल रिवर फ्रंट की पूरी जांच करवाओ। दम चाहिए, बीजेपी के लोगों- डायलॉगबाजी मत करो, कुछ करके दिखाओ।'खाचरियावास कोटा में कांग्रेस कार्यालय में कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे थे। बैठक में उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। इस बीच एक बुजुर्ग पार्टी कार्यकर्ता प्रदीप जोशी ने कह दिया कि 'कपिल सिब्बल- दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस का सत्यानाश किया हैं। अगर आपको सुधारना है तो ऊपर से सुधारो।'



### विधानसभा चुनाव झूठ फरेब के दम पर जीता

» खाचरियावास ने ईआरसीपी के मुद्दे पर कहा– 10 हजार करोड़ का प्रबंध करके पहले ही काम चालू हो गया। जो हमने काम चला रखे हैं, वो ही तो बीजेपी के नेता देखने जा रहे हैं। बीजेपी ने विधानसभा का चुनाव झूठ फरेब के दम पर जीता। अब विधानसभा चुनाव के बाद सन्नाटा है। लोगों को समझ में आ रहा है। न कोई नीति है, न कोई योजना है। न कोई जनता की सुनने वाला है और न कोई काम हो रहा है।

### कपिल सिब्बल-दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस का सत्यानाश किया

» बैठक में बुजुर्ग कांग्रेसी कार्यकर्ता प्रदीप जोशी ने अपने मन की बात कही। जोशी ने कहा– ऊपर के लोगों ने कांग्रेस का सत्यानाश किया हुआ है। कपिल सिब्बल हों या दिग्विजय सिंह हों, हमेशा कांग्रेस का सत्यानाश किया है। अगर आपको सुधारना है तो ऊपर से सुधारो। बातें बहुत लंबी–चौड़ी है। पिछले 60 साल से भाषण सुनते आ रहे हैं। दुनिया को पता है, दोनों नेताओं की वजह से सत्ता नहीं मिली। कोटा लोकसभा सीट पर दो बार ब्राह्मण चुनाव लड़ लिए। एक बार मीणा को टिकट दिया। इस बार मेरी व्यक्तिगत इच्छा है कि ओबीसी का केंडिडेट हो।

### ● सरकार का हनीमून पीरियड खत्म नहीं हुआ

» खाचरियावास ने कहा– राजस्थान में बीजेपी की सरकार बने 60 दिन होने को हैं, लेकिन इनका हनीमून पीरियड खत्म नहीं हुआ है। कांग्रेस की योजनाओं के दम पर भाजपा सरकार चला रही है। बीजेपी की खुद की कोई योजना नहीं है।प्रदेश की कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। बीजेपी के कार्यकर्ता मायूस होकर बैठ गए हैं। अब उनके खुद के समझ में आ गया है कि किसकी चल रही है। इनके नेता बावले होकर घूम रहे हैं। कागजों में ऑर्डर चल रहे हैं, लेकिन ये नहीं पता कि ऑर्डर पर किसके साइन चल रहे हैं। कोटा–बूंदी संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस कमजोर नहीं है। यहां चार सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है। यहां के सांसद का नाम बड़े और दर्शन खोटे हैं। वे पिछले 10 साल से लोगों को गोलियां ही दे रहे हैं।

### ● बीजेपी भगवान राम को पेटेंट करवाना चाहती है

» पूर्व मंत्री खाचरियावास ने कहा– बीजेपी भगवान राम को पे–टेंट करवाना चाहती है। 22 तारीख तक अयोध्या पर बीजेपी का कब्जा था। कांग्रेस के लाखों लोग अयोध्या जाना चाहते थे, लेकिन बीजेपी ने रोक लगा दी और कहा कि 'हम जो चाहेंगे वही जाएगा।' 22 को वही आदमी जा पाया, जिसको बीजेपी ने बुलाया कांग्रेस के एक– दो नेताओं को ही इनवाइट किया। उन्होंने कहा– 22 के बाद या 22 के पहले जाएंगे। इस बात को बीजेपी वालों ने इश्यू बना दिया। राम की कृपा से राम मंदिर बना है। बीजेपी ने लोकसभा में प्रस्ताव पास नहीं किया। बीजेपी वोट के खातिर राम का कद छोटा करने की कोशिश में लगी है। जिन लोगों ने रोटी और रोजगार छीना है, उनको राम छोड़ेंगे नहीं। राम ही बीजेपी वालो का इलाज करेंगे।

### ● राजीव गांधी ने राम मंदिर का ताला खुलवाकर की थी पूजा

» खाचरियावास आगे बोले–राम मंदिर को तो बीजेपी ने मुद्दा बना दिया। राम मंदिर के नाम पर ही बीजेपी चुनाव लड़ रही है, इसमें कोई दो राय नहीं है। भगवान राम सबके हैं। देश को समझ में आ रहा है कि राम मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बना है। 1989 में राजीव गांधी ने राम मंदिर के ताले खुलवाकर पूजा शुरू करवाई थी।

## सांसद भागीरथ चौधरी के अथक प्रयास ला रहे हैं रंग, हो रहा है क्षेत्र का चहुंमुखी स्वर्णिम विकास

### केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा अजमेर में 15.20 करोड का विज्ञान केन्द्र किया स्वीकृत




चमकता राजस्थान

किशनगढ़,!(शंकर शर्मा) किशनगढ़,सांसद भागीरथ चौधरी की मांग पर अजमेर में 15.20 करोड की लागत से नया विज्ञान केन्द्र स्वीकृत हुआ है, केन्द्रीय संस्कृति पर्यटन एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री भारत सरकार जी. किशन रेड्डी ने सांसद भागीरथ चौधरी को पत्र लिखकर विज्ञान केन्द्र का डिजाईन भेजा है। श्री रेड्डी ने सांसद को संबोधित करते हुए लिखा कि आपको यह जानकर खुशी होगी कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा विज्ञान की संस्कृति को बढ़ावा देने की योजना (एसपीओसीएस) नामक एक अनूठी योजना है, जिसके तहत विभिन्न राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों, विज्ञान शहरों/केंद्रों/डिजिटल तारामंडल के अनुरोधों के आधार पर विज्ञान केंद्रों आदि में इनोवेशन हब भारत सरकार और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की संयुक्त फंडिंग से स्थापित किए गए हैं। श्री रेड्डी ने लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस योजना के तहत एक विज्ञान केंद्र बनाया गया है। राजस्थान राज्य और आपके निर्वाचन क्षेत्र अजमेर में 15.20 करोड़ रुपये (केंद्र और राज्य का हिस्सा क्रमशः 6.55 करोड़ रुपये और 8.65 करोड़ रुपये) की कुल लागत पर स्थापित करने की मंजूरी दी गई है।श्री रेड्डी ने लिखा कि संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और राजस्थान सरकार की संयुक्त पहल के रूप में आपके निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित किए जाने वाले प्रस्तावित विज्ञान केंद्र का एक डिज़ाइन भी संलग्न कर रहा हूं। उक्त पत्र के साथ मंत्रालय द्वारा अजमेर में निर्मित होने वाले साईंस सेन्टर के तीन डीजाईन भी भेजे है। सांसद चौधरी ने बताया कि राजस्थान में अजमेर में उक्त साईंस सेन्टर की स्थापना शिक्षा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में दी जाने वाली विज्ञान शिक्षा को पू-रक बनाना एवं व्यवस्थित करने के साथ वैज्ञानिक जांच की भावना को बढ़ावा देने के लिए स्कूल से बाहर विभिन्न शैक्षिक गतिविधियाँ छात्रों में रचनात्मकता इन्डस्ट्री हेतु नवीन खोज के क्षेत्र में महत्वपूर्ण साबित होगी षिघ्र ही स्थान का चयन कर साईस सेन्टर की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक क्षैत्र का भ्रमण कटसूरा प्रधानाचार्य प्तअनुज शर्मा



**चमकता राजस्थान। अराई !(शंकर शर्मा) अराई (अजमेर)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कटसूरा के व्यवसायिक शिक्षा के प्रभारी कमलेश वैष्णव ने बताया कि कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अभिरुचि कौशल की अभिवृद्धि के लिए औद्योगिक संस्थानों का भ्रमण किया।प्रधानाचार्य अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि आज विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा अभिरुचि कार्यक्रम के अंतर्गत रीको एरिया सिलोरा के व्यावसायिक संस्थानों का भ्रमण कर उनकी कार्यशैली की जानकारी ली।व्यावसायिक कौशल मित्र वरिष्ठ अध्यापक कमलेश कुमार वैष्णव के निर्देशन व रामस्वरूप शर्मा के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा भ्रमण के तहत छात्रों को सिलोरा स्थित रीको एरिया में विभिन्न इकाइयों के भ्रमण कराया गया।श्री बालाजी स्टोनेक्स प्राइवेट लिमिटेड व श्री गिरिराज सर्वजल फर्म में विद्यार्थियों ने उत्पादन, भंडारण, वितरण, इलेक्ट्रिकल, प्रोडक्शन, फिनिशिंग, कटिंग, लोडिंग, सुरक्षा उपकरणों की बारीकियां सीखी।व्याख्याता राजेश कुमार कुमावत, ललित उदयवाल, संजीव चौधरी, विष्णु प्रसाद वैष्णव ने भ्रमण के दौरान अपना योगदान दिया।संस्थान के प्रबन्ध निदेशक जितेन्द्र सिंह राजपुरोहित, विनोद शर्मा, अंकित शर्मा व दौलत सिंह ने छात्रों को औद्योगिक जगत की महत्वपूर्ण जानकारियां दी। संस्थान की ओर से विद्यार्थियों को अल्पाहार व पारितोषिक वितरण कर प्रोत्साहित किया गया।

# आमोलीः टोल के निकट होटल के बाहर दबंगो ने कब्जा करने की नियत से रखा खोका

चमकता राजस्थान

**भुसावर(राजवीर सिंह)** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 स्थित टोल प्लाजा निकट हमारा होटल है। जिसके बाहर गांव झालाटाला निवासी शिवराम पुत्र सियाराम अरविन्द पुत्र शिवराम अपने 10-15 आदमियों के साथ आये और दबंगई करते होटल के सामने एक लोहे का खोका रख गए। जाते समय होटल बन्द कराने की धमकी देकर गए। इसको लेकर होटल संचालक गांव नंगला नाथू निवासी फतेह सिंह पुत्र चंदन सिंह ने जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इन्हें हटाने का आग्रह किया है।फतेह सिंह ने बताया कि नेशनल हाइवे आमोली टोल प्लाजा पर जयगुरुदेव फैटा होटल के सामने गांव झालाटाला निवासी शिवराम पुत्र सियाराम अरविन्द पुत्र शिवराम अपने 10-15 आदमियों को साथ लेकर हाथों में लाठी डंडा, लोहा सरिये लेकर दबंगाई करते हुए लोहे से निर्मित खोका व लक्कड (लकडी) डालकर कब्जा करने के नियत रख दिया। मना करने पर खोका को यहां से हटाने पर जान से



मारने की धमकी देकर गए। इससे पूर्व में भी उक्त व्यक्तियों ने होटल पर लगे 600 फुट गहराई के बोरवैल को भाटा- पत्थर डालकर नष्ट कर दिया है। इस संदर्भ में हलैना थाना में अभियोग दर्ज है। लेकिन पुलिस ने इनकी दबंगता के चलते कोई कार्यवाही आज दिन तक नही की है। जिला अधीक्षक को पत्र भेजकर जल्द से जल्द इस पर कार्यवाही करने का आग्रह किया है।सावर। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 स्थित टोल प्लाजा निकट हमारा होटल है। जिसके बाहर गांव झालाटाला निवासी शिवराम पुत्र सियाराम अरविन्द पुत्र शिवराम अपने 10-15 आदमियों के साथ आये और दबंगई करते होटल के सामने एक लोहे का खोका रख गए। जाते समय होटल बन्द कराने की धमकी देकर गए। इसको लेकर होटल संचालक गांव नंगला नाथू निवासी फतेह सिंह पुत्र चंदन सिंह ने जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इन्हें हटाने का आग्रह किया है।

फतेह सिंह ने बताया कि नेशनल हाइवे आमोली टोल प्लाजा पर जयगुरुदेव फैटा होटल के सामने गांव झालाटाला निवासी शिवराम पुत्र सियाराम अरविन्द पुत्र शिवराम अपने 10-15 आदमियों को साथ लेकर हाथों में लाठी डंडा, लोहा सरिये लेकर दबंगाई करते हुए लोहे से निर्मित खोका व लक्कड (लकडी) डालकर कब्जा करने के नियत रख दिया। मना करने पर खोका को यहां से हटाने पर जान से मारने की धमकी देकर गए। इससे पूर्व में भी उक्त व्यक्तियों ने होटल पर लगे 600 फुट गहराई के बोरवैल को भाटा- पत्थर डालकर नष्ट कर दिया है। इस संदर्भ में हलैना थाना में अभियोग दर्ज है। लेकिन पुलिस ने इनकी दबंगता के चलते कोई कार्यवाही आज दिन तक नही की है। जिला अधीक्षक को पत्र भेजकर जल्द से जल्द इस पर कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

प्राइस बैंड 393 से 414 प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया है, जिसका अंकित मूल्य प्रत्येक 10 है ('इक्विटी शेयर')

# जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुलेगा कल

बिड/ऑफर बुधवार, फरवरी 7, 2024 को खुलेंगी और शुक्रवार, फरवरी 9, 2024 को बंद होंगी, एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, फरवरी 6, 2024 होगी

चमकता राजस्थान

जयपुर। जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ('बैंक' या 'जना एसएफबी'), बुधवार, 7 फरवरी, 2024 को 10 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए बोलियां खोलेगा।

एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 6 फरवरी, 2024 होगी। ऑफर सदस्यता के लिए बुधवार, 7 फरवरी, 2024 को खुलेगा और शुक्रवार, 9 फरवरी, 2024 को बंद होगा।

ऑफर का प्राइस बैंड 393 से 414 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 36 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 36 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।

बैंक आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रहा है, जिसमें कुल मिलाकर 4,620.00 मिलियन के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है। यह संख्या प्री-आईपीओ प्लेसमेंट और बिक्री की पेशकश के लिए समायोजन के बाद सेलिंग




शेयरहोल्डर्स ('बिक्री के लिए प्रस्ताव') (एक साथ, 'प्रस्ताव') द्वारा कुल मिलाकर 2,608,629 इक्विटी शेयरों की बिक्री के अनुसार होगी। ऑफर में पात्र कर्मचारियों ('कर्मचारी आरक्षण भाग') द्वारा सदस्यता के लिए 135.00 मिलियन तक का आरक्षण शामिल है।

बैंक ने अपनी टियर-टू पूंजी और सीआरएआर में सुधार के लिए, बैंक की भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक के टियर-1 पूंजी आधार को बढ़ाने के लिए ताजा निर्गम से शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा, फ्रेश इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग ऑफर से संबंधित खर्चों को पूरा करने के लिए भी किया जाएगा ('प्रस्ताव का उद्देश्य')।

इक्विटी शेयरों की पेशकश 1 फरवरी, 2024 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ('आरएचपी') के माध्यम से की जा रही है, जो बेंगलुरु में कंपनी रजिस्ट्रार, कर्नाटक ('आरओसी') के पास दायर किया गया है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से जारी किए गए इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड ('बीएसई') और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ('एनएसई') जैसे स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। ऑफर के प्रयोजनों के लिए, नामित स्टॉक एक्सचेंज बीएसई होगा।

एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड इस ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

इस प्रेस विज्ञप्ति में उल्लिखित सभी बड़े अक्षरों वाले शब्दों, जिन्हें परिभाषित नहीं किया गया है, का वही अर्थ होगा जो आरएचपी में निर्धारित है।

यह पेशकश सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 31 के साथ पढ़े गए संशोधित ('एससीआरआर'), प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) नियम, 1957 के नियम 19(2)(बी) के संदर्भ में, बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से की जा रही है। सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 6(1) के अनुपालन में, जिसमें नेट ऑफर का 50 प्रतिशत से अधिक योग्य संस्थागत खरीदारों ('क्यूआईबी') (और ऐसा हिस्सा, 'क्यूआईबी') को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध नहीं होगा, बशर्ते कि बैंक, बीआरएलएम के परामर्श से, सेबी आईसीडीआर विनियम ('एंकर निवेशक भाग') के अनुसार विवेकाधीन आधार पर एंकर निवेशकों को क्यूआईबी भाग का 60 प्रतिशत तक आवंटित कर सकता है। इसमें से एक तिहाई घरेलू म्युचुअल फंड के लिए आरक्षित किया जाएगा, बशर्ते घरेलू म्युचुअल फंड से एंकर निवेशक आवंटन मूल्य पर या उससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों। एंकर निवेशक हिस्से में अंडर-सब्सक्रिप्शन, या गैर-आवंटन की स्थिति में, शेष इक्विटी शेयरों को नेट क्यूआईबी हिस्से में जोड़ा जाएगा।

इसके अलावा, नेट क्यूआईबी हिस्से का 5 प्रतिशत केवल म्यूचुअल फंड के लिए आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, और नेट क्यूआईबी का शेष हिस्सा म्यूचुअल फंड सहित सभी क्यूआईबी के लिए आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा। ऐसा तब होगा जबकि वैध बोलियाँ प्रस्ताव मूल्य पर या उससे ऊपर प्राप्त हो रही हैं। इसके अलावा, नेट ऑफर का कम से कम 15 प्रतिशत गैर-संस्थागत निवेशकों को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, जिसका (ए) एक तिहाई हिस्सा 0.20 मिलियन से अधिक और 1 मिलियन तक के आवेदन आकार वाले बोलीदाताओं के लिए आरक्षित होगा; और (बी) दो-तिहाई हिस्सा 1 मिलियन से अधिक आवेदन आकार वाले बोलीदाताओं के लिए आरक्षित होगा, बशर्ते कि ऐसी उप-श्रेणियों में से किसी में भी सदस्यता रहित हिस्से को गैर-उप-श्रेणी की अन्य उप-श्रेणी में बोलीदाताओं को आवंटित किया जा सके। संस्थागत बोलीदाताओं को सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार, ऑफर मूल्य से ऊपर प्राप्त होने वाली वैध बोलियों के अधीन और नेट ऑफर का कम से कम 35 प्रतिशत सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार खुदरा व्यक्तिगत बोलीदाताओं को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा। ऐसा तब होगा जब बिड्स ऑफर मूल्य पर या उससे ऊपर प्राप्त की जा रही हैं।

एंकर निवेशकों को छोड़कर सभी संभावित बोलीदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने संबंधित एएसबीए खातों और यूपीआई आईडी (यूपीआई का उपयोग करने वाले यूपीआई बोलीदाताओं के मामले में) का विवरण प्रदान करके ब्लॉक राशि ('एएसबीए') प्रक्रिया द्वारा समर्थित एप्लिकेशन का उपयोग करना आवश्यक है। ऐसी स्थिति में संबंधित बोली राशि एससीएसबी द्वारा या ऑफर में भाग लेने के लिए लागू यूपीआई मैकेनिज्म के तहत ब्लॉक कर दी जाएगी। एंकर निवेशकों को एएसबीए प्रक्रिया के माध्यम से ऑफर के एंकर निवेशक हिस्से में भाग लेने की अनुमति नहीं है। विवरण के लिए, पृष्ठ 550 पर 'ऑफर प्रक्रिया' देखें।

- **न्यूनतम 36 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 36 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।**
- **आरएचपी लिंक-** https://www.sbicaps.com/storage/2024/02/Jana-Small-Finance-Bank-Limited-RHP.pdf

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान : भारत रत्न देने की घोषणा पर टिप्पणी अशोभनीय



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा जी की आदरणीय लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न देने की घोषणा पर टिप्पणी अशोभनीय है। राष्ट्र सेवा में समर्पित लाल कृष्ण आडवाणी जी का जीवन हम सभी के लिए मिसाल है।

### ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सोच बदलो गांव बदलो टीम द्वारा पुरस्कार वितरण




**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)।** ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सोच बदलो गांव बदलो टीम द्वारा 25 दिसंबर 2023 को शिक्षा पाओ, ज्ञान बढ़ाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था! जिसका सुनीपुर सर्कल का पुरस्कार वितरण समारोह आज दिनांक 5 फरवरी 2024 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कॉंकरई में आयोजित किया गया! जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड प्रशस्ति पत्र व बैग वितरित कर सम्मानित किया गया जिसमें जिसमें समस्त विद्यालय स्टाफ एवं सुनीपुर सर्कल को ऑर्डिनेटर विजेंद्र सिंह मीणा और सोच बदलो गांव बदलो टीम के कार्यकर्ता खुशी लाल मीणा और रामकेश मीणा सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत का नकसौदा, एवं गांव गणमान्य व्यक्तियों ने के कार्यक्रम में भाग लिया।

### मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी जिला परिषद अजमेर स्वच्छता अभियान के तहत किया गहन निरीक्षण



**चमकता राजस्थान। नसीराबाद!(रघुनन्दन पारीक)** नसीराबाद -5 फरवरी को जिला परिषद मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी काना खेड़ी में कचरा संग्रहालय केंद्र एवं खेल मैदान का क्या निरीक्षण अब ग्राम के कचरा इकट्ठा करके निजी आय का बढ़ाया जाएगा साधन कचरा संग्रहालय में कचरा इकट्ठा करके उसमें से गिला कचरा से खादय बनाया जाएगा एवं सभी प्लास्टिक एवं लोहे को बेचकर निजी आय बढ़ाई जाएगी 60 बीघा में खेल मैदान को देखकर मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी ने सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि जयसिंह रावत की तारीफ मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं विकास भंवर सिंह चारण ने क्रिकेट खेलने का लुफ्त उठाया। कानपुरा ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर का क्या निरीक्षण इस दौरान मॉडल के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया के लिए आदेश तालाब के चारों तरफ लगाए जाएंगे पेड़ पौधे सरपंच सुमन महेश्वरी एवं पूर्व सरपंच भगवान महेश्वर रहे मौजूद ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रजापत ने दी जानकारी

## संस्कृत शिक्षा विभाग में रीट 2016-17 की अध्यापक भर्ती

- **कुल आवेदित 75 पदों में से केवल 5 पद भरकर भर्ती प्रक्रिया को डाला हुआ है ठंडे बस्ते में**
- **न स्कूलों को अंग्रेजी विषय के शिक्षक मिले और ना ही पात्र अभ्यर्थियों को नौकरी!**

कहते हैं कि सिस्टम आंख मूँद ले तो क्या करेंगे भर्ती नियम और कोर्ट आदेश` आरटीई लागू होने के बाद से प्रदेश का संस्कृत शिक्षा विभाग अंग्रेजी विषय के टीजीटी अध्यापकों की कमी से जूझ रहा है` लेकिन हास्यास्पद पहलू यह है कि इन पदों को भरने के लिए खुद संस्कृत शिक्षा विभाग ही गंभीर नहीं है` आरटीई की पालना के लिए विभाग ने वर्ष 2017-18 में टीजीटी अंग्रेजी (लेवल दो) के ततसमय बजट में स्वीकृत कुल 75 पदों को भरने की कवायद शुरू की थी` लेकिन तत्कालीन भाजपा सरकार परिवर्तित हो जाने की वजह से पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने उक्त भर्ती प्रक्रिया को ही ठंडे बस्ते में डलवा दिया` नियुक्ति की उम्मीद लगाए बैठे विभिन्न अभ्यर्थियों ने इस प्रक्रिया को पूर्ण करवाने के लिए हाईकोर्ट की शरण ली` लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2021 के मध्य में व्यापक तार्किक प्रक्रिया अपनाकर उक्त भर्ती को पूर्ण करने का स्पष्ट आदेश दिया था` कोर्ट ने अपने निर्णय में आश्चर्य प्रकट किया कि अंग्रेजी विषय के कुल विज्ञापित 75 पदों में से केवल 5 पदों को भरकर विभाग ने उक्त भर्ती प्रक्रिया को बंद कैसे कर दिया` चूंकि यह भर्ती पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की थी तो कांग्रेस सरकार ने




इसे पूर्ण करने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया` अभ्यर्थियों द्वारा बार-बार तत्कालीन अधिकारियों व संबंधित मंत्री को अवगत करवाने के बाद भी इस भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने का कोई प्रयास नहीं किया गया` मामले की मुख्य याचिकाकर्ता चूरू निवासी एकता शर्मा के मुताबिक संस्कृत शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को कई बार कोर्ट आदेश व वस्तुस्थिति से अवगत करवाकर रिक्त 70 पदों को भरवाने की गुहार लगाई गई` लेकिन तत्कालीन सरकार के दबाव में इन पदों को नहीं भरा गया` पीड़ित अभ्यर्थी वर्तमान की भाजपा सरकार व विभाग के मंत्री को उक्त भर्ती की फाइल ओपन कर इसे पूर्ण करने की मांग कर रहे हैं` उक्त भर्ती प्रक्रिया में जो संवेदनहीन तरीका अपनाया गया है, वह शायद ही किसी भर्ती में देखने को मिले` आंकड़े स्पष्ट दर्शा रहे हैं कि कुल 75 पदों में से केवल 5 पद ही भरे गए हैं फिर भी भर्ती एजेंसी और विभाग चयन की नींद सो रहे हैं` क्या ऐसी स्थिति में भर्ती प्रक्रिया का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण हो पाया है` वर्षों की लापरवाही के चलते विभाग को न अंग्रेजी विषय के टीजीटी अध्यापक मिल पाए हैं तो ना ही पात्र अभ्यर्थियों का सरकारी नौकरी का सपना साकार हो सका है` गत छः वर्ष से आज तक यह भर्ती पूर्ण होने का इंतजार कर रही है।

### थायराइड रोग के विशेषज्ञ डॉ.आर.के.शर्मा 11फरवरी को चिकित्सा शिविर रोटरी क्लब किशनगढ़ में देंगे निशुल्क परामर्श



**चमकता राजस्थान। (किशनगढ़ (शंकर शर्मा,)।** किशनगढ़ स्काउट गाइड संघ के सचिव ,वीरेंद्र कुमार शर्मा ने अवगत कराया कि रोटरी क्लब किशनगढ़ द्वारा आर के एंडो क्राइन एंड डर्मा केयर सेंटरअजमेर के सौजन्य सेअपने पथ प्रणेता पिताश्री स्व राम किशोर शर्मा की पुन स्मृति में डॉक्टर आर के शर्मा रोटरी सेवा मंदिर किशनगढ़मे दिनांक 11 फरवरी को निशुल्क थायराइड निदान परामर्श शिविर का आयोजनरखा गया है जिसके अंतर्गत 8 फरवरी को पंजीकृतरोगियों के टी एस एच जांच के सैंपल लिए जायेंगे जांच के अनुसार रोगियों केनिदान व परामर्श डा शर्मा द्वारा 11 फरवरी रविवार को 8बजे से 1बजे तक दिया जायेगा अतः जिन के निम्नाकित लक्षण दिखाई देवे उन्हें स्वयं सहित अन्य वक्तियों को अवगत कराते हुए कैंप में शामिल करावे

वजन में अनापक्षितवृद्धिडिप्रेशन ,थकान और आलस्य सुखी त्वचा ,बालो का झड़ना घेंघा आदि यह प्रमुख लक्षण होते हैं जिनमे यह लक्षण दिखाई देते हो वे रोटरी सेवा मंदिर पहुंच कर स्वास्थ्य लाभ पंजीकरण कराकर ले सकते है अत जल्दी से जल्दी अपना पंजीकरण करावे अधिक जानकारी हेतु रत्नेश सक्सेना , सीमा कासलीवाल, पन्नालाल बाफना और वीरेंद्र कुमार शर्मा के मोबाइल नबर आगे लिखे हैं पर 9929424471 एवं 9414011800 से संपर्क किया जा सकता है

# डोटासरा की सोच सामंतवादी, कांग्रेस नेताओं के बयान बता रहे कि रस्सी जल गई बल नहीं गया: लक्ष्मीकांत भारद्वाज



## गरीबों को हक दिलाने और कानून का राज स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा: लक्ष्मीकांत भारद्वाज

### कांग्रेस में एक परिवार की चाकरी से मिलते हैं पद, भाजपा में कोई छोटा बड़ा नहीं प्रत्येक कार्यकर्ता समान:- लक्ष्मीकांत भारद्वाज

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 05 फरवरी 2024।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर जोधपुर में दिये गये बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस अपनी करारी हार को पचा नहीं पा रही है। इसलिए ये लोग ओछे और मनमाने बयान देकर अपनी खीज उतार रहे हैं। खुद को किसान पुत्र कहकर डींग हाकने वाले गोविंद डोटासरा की सोच और मानसिकता पूरी तरह सामंतवादी है। जिस तरह कांग्रेस में एक परिवार का गुणगान करके बड़े पद पाने का रिवाज , उसी चश्मे से कांग्रेस के लोग भाजपा को देख रहे हैं, जबकि यह उनकी भूल है। भाजपा में पूरी तरह से लोकतंत्र है हमारे यहां कोई छोटा या बड़ा नहीं है, प्रत्येक कार्यकर्ता को समान तवज्जो दी जाती है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि एक सामान्य किसान के घर जन्म लेकर मुख्यमंत्री के पद तक पहुँचने वाले भजनलाल शर्मा को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष, अशोक गहलोत और प्रदेशप्रभारी रंधावा की इसी अहंकारी सोच के चलते प्रदेशमें उनकी ये दुर्दशा हुई है। कांग्रेस राज में पिछले पांच सालों तक प्रदेश में अराजकता, महिला अत्याचार, पेपर लीक, दलित उत्पीड़न चर्म पर रहा है और कांग्रेस के नेता मुफ्त की योजनाओं के नाम पर जनता को गुमराह करते रहे। जनता ने कांग्रेस सरकार की इन्ही कारगुजारियों से त्रस्त होकर उन्हे सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया है। मौजूदा समय में कांग्रेस नेताओं के छदम बयानों पर यह कहावत चरितार्थ होती है कि, रस्सी जल गई लेकिन बल नहीं गया।

भाजपा प्रदेशप्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश को बदहाल स्थिति में छोड़कर गई थी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश को कर्जे से बाहर निकालकर पटरी पर लाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के नेता ओछी बयानबाजी और अनर्गल आरोप लगाने से बाज नहीं आ रहे। प्रदेश की भजनलाल सरकार गरीब को उसका हक दिलाने के लिए और कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए प्रयास कटिबद्ध है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण ईआरसीपी समझौता, पेपर लीक पर एसआईटी का गठन, महज 450 रूपये में एलपीजी गैस सिलेंडर सहित अन्नपूर्णा योजना हैं।

बरसती हुई बारिश में भी मुसलशल इबादत में मशगूल रहा इबादतगारों का इज्जिमा

# तीन दिवसीय दीनी तब्लीगी इज्तिमा के दूसरे दिन उमड़ा अकीदतमंदों का हुजूम

## देश में अमन चैन, इंसानियत की मजबूती और चहुंमुखी विकास की दुआ में उठें लाखों हाथ





### तब्लीग़ी इज्तिमें में करीबन 190 जोड़ों का सादगी से हुआ निकाह

चमकता राजस्थान

**जयपुर !(खलील कुरैशी)** राजधानी जयपुर के रामगढ़ मोड़ स्थित कर्बला मैदान में तीन दिवसीय दीनी तब्लीगी इज़्तिमा में 190 जोड़ों का निकाह सादगी के साथ हुआ. गौरतलब है कि दूसरे दिन रविवार को अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ पड़ा। जयपुर जिले समेत अन्य जगहों से लाखों की समाजजन यहां पहुंचे। इस मौके पर इस्लामी विद्वानों ने तकरीर में बताया कि अल्लाह के हुक्म के मुताबिक जिंदगी कैसे बिताई जाए और आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के बताए रास्तों पर कैसे चला जाए।फज्र की नमाज के बाद मौलाना सलमान ने बताया कि दीन मनचाही जिंदगी गुजारने का नाम नहीं .दीन रब के मुताबिक जिंदगी गुजारने को कहते हैं . रब की नही सुनोगे तो रहम दिल नही बनोगे. मौलाना चिरागुद्दीन ने लोगों को सादगी से जिंदगी गुजारने पर जोर दिया. उन्होंने कहा, असल जिंदगी मरने के बाद की जिंदगी है. इमाम ओ खतीब जामा मस्जिद मुफ्ती सैयद अमजद अली ने लोगों को सादगी से निकाह करने का पैगाम दिया. उन्होंने रस्म- रिवाजों को खत्म करने की अपील की. सबसे कम खर्च के निकाह को बेहतरीन निकाह बताया. उन्होंने करीबन 190 जोड़ो का निकाह सादगी से बिना दहेज व बिना रस्मों रिवाज के सादगी और नबी की सुन्नतों के साथ कराया. नमाज के बाद इज़्तिमे में आए जन समूह को पैगाम देते हुए मौलाना यूसुफ ने बताया कि यह दीन हमारे पास बड़ी मेहनत और मशक्कत के बाद पहुंचा है. इंसान की कामयाबी इस में है. जो इंसान अपनी जिंदगी अल्लाह के हुकुम और नबी के तरीके पर गुजारे वो दुनिया में भी कामयाब है और मरने के बाद की जिंदगी में भी.सादगी के साथ बिना दिखावे के अल्लाह और उसके प्यारे रसूल नबी ए पाक बतायें रास्तें पर चलकर दीन और दूनिया की असल कामयाबी को हासिल करना ही इस्लाम का सच्चा और वास्तविक मकसद है।

### आखिरी दिन इज्तिमें की दुआ में शामिल भारी संख्या में लगा दीनदार लोगों का मजमा

- **रविवार को तेज बरसती हुई बारिश में भी इबादत में मशगूल रहे अकीदतमंद**

» कहते हैं ना जिसके दिल में अल्लाह और उसके रसूल की मोहब्बत,चाहत यकीदा ग़ालिब हो जाये फिर उसे आंधियों, तुफानों और बारिशों की कहा परवाह रहती हैं ऐसा ही एक वाक्या जयपुर के इज्तिमें में देखने को मिला गौरतलब है कि कर्बला मैदान में आयोजित तीन दिवसीय तब्लीग़ी इज्तिमें के तहत रविवार को शाम को तेज बरसती हुई बारिश के दौरान भी इज्तिमें में शामिल अकीदतमंद, दीनदार मुसलशल अपनी अपनी इबादत और नमाज में बड़ी शिद्दत के साथ मशगूल रहे यह मंजर वाकई में काबिल ए तारीफ और इस्लाम में मजबूती का मुजाहिरा करवा रहा था जिसकी चारों तरफ़ सराहना हो रही है।

- **टीमों ने संभाला मोर्चा शानदार रही सभी व्यवस्थाएं**

» इज्तिमा में आए लोगों खासकर जयपुर के बाहर से आए लोगों के लिए यहीं पर नाश्ते और खाने की व्यवस्था की गई। शहर के विभिन्न इलाकों के लोगों ने यहां खाने पीने की स्टॉलें लगाई हैं। जहां रियायती दरों पर चीजें मुहैया कराई गई हैं। पार्किंग, चिकित्सा, निगरानी समेत अन्य व्यवस्थाओं के लिए खिदमतगार टीमों की ओर से खिदमत की। अलग-अलग टीमें यहां मौजूद लोगों की सभी जरूरतों को पूरा करने का काम कर रही हैं।

- **लगभग 2000 तब्लीग़ी कार्यकर्ताओं ने संभाला ट्रैफिक कंट्रोल**

» इस कार्यक्रम की खास बात है ट्रैफिक कंट्रोल करना। तब्लीगी के नियमानुसार तब्लीग़ी कार्यकर्ताओं ने ही ट्रैफिक कंट्रोल किया। इसके लिए 2000 कार्यकर्ता लगाए गए। हर चौराहे और हर गली पर 20-25 कार्यकर्ताओं को खड़ा किया गया। उनके हाथ में रस्सी थी। उस रस्सी से ही ट्रैफिक कंट्रोल किया गया। जब ट्रैफिक और पब्लिक को निकालना होता तो रस्सी हटा दी गई। इसके साथ ही सबके हाथ में एक इलेक्ट्रिक स्टीक थी जिसमें ग्रीन और रेड सिग्नल से ट्रैफिक रोकने और चालू कराने का सिग्नल दिया गया। इस तरह पूरे कार्यक्रम के दौरान लाखों की संख्या में जमा हुए मजमे के बावजूद भी बेहतरीन ट्राफिक व्यवस्था को अंजाम देकर ट्रैफिक जाम नहीं होने दिया।

- **आलमी अमन चैन, शांति और देश के सार्वभौमिक विकास की दुआ के साथ हुआ तीन दिन दिवसीय तब्लीग़ी इज्तिमें का समापन**

» इस्तेमा के आखिरी दिन सामूहिक दुआ की गयी. इस दुआ में लाखों लोग शामिल हुए हैं मुफ्ती जाकिर नोमानी साहब ने बताया कि इज़्तिमे का समापन सोमवार सुबह करीब 110 :00 बजे वैश्विक शांति, अमन चैन, इंसानियत की फलां और वेहबूदी, देश में चहुंमुखी विकास और जनकल्याण सामाजिक समरसता भाईचारे की खुशूसी दुआ के साथ ही इज्तिमें में तब्लीग़ी जमातों के तय कार्यक्रमों के इंतजामों के साथ ही इस सालाना तीन दिवसीय तब्लीग़ी इज्तिमें का ज़ोरदार समापन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### आर.के.पाटनी नये बस स्टैंड व कीर्ति स्तंभ के पास खाई को पाट कर पी.डब्लू.डी.अधूरे सड़क के कार्य को वॉल टू वॉल करें : महेंद्र पाटनी



**चमकता राजस्थान।** किशनगढ़, !(शंकर शर्मा) किशनगढ़,अजमेर जिला शहर भाजपा प्रवक्ता महेंद्र पाटनी ने अवगत कराया कि नगर के मुख्य फोरलेन सड़क के पुनर्निर्माण के अधूरे कार्य से क्षेत्र के नये आर .के .पाटनी बस स्टैंड के सामने पिछले कई महीनो से करीब सौ फुट लंबी व दस फुट चौड़ी तथा ढाई से तीन फीट गहरी खाई छोड़े जाने से भयंकर दुर्घटना की संभावना बनी हुई है । सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विजय सिंह मीणा द्वारा वैष्णो देवी व बस स्टैंड की ओर मुख्य फोरलेन सड़क का कार्य पूरा किए जाने की जानकारी देने पर नये रोडवेज बस स्टैंड के बाहर मौके पर मौजूद भाजपा नेता महेंद्र पाटनी ने फोन पर भारी नाराजगी के साथ उन्हें अविलंब मौका मुआवना कर शीघ्र पूरी सड़क बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए बड़े हादसे की संभावना के साथ साथ बस स्टैंड के बाहर स्थित कीर्ति स्तंभ को नुकसान होने की आशंका भी जताई। अधिशासी अभियंता मीणा के निर्देश पर मौके पर पहुंचे सहायक अभियंता देवव्रत ने आर. के. पाटनी रोडवेज के सामने अधूरी सड़क व खाईनुमा पटी का अवलोकन कर अभियंता मीणा को वस्तु स्थिति से अवगत कराने की दूरभाष पर भाजपा नेता पाटनी से चर्चा करने पर उन्होंने शीघ्र वॉल टू वॉल सी. सी.रोड निर्माण कराने पर जोर दिया ।

## जयपुर हैरिटेज निगम प्रशासन द्वारा चांदपोल सब्जी मंडी सहित अन्य जगहों से सरकारी भूमि पर हटाया गया अतिक्रमण

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर नगर निगम आयुक्त आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार किशनपोल जोन क्षेत्राधिकार में सरकारी भूमि पर किये गये स्थाई अतिक्रमणों की लगातार शिकायतें प्राप्त होने पर उपायुक्त सतर्कता सुरेश कुमार महरानियां एवं उपायुक्त किशनपोल जोन पूजा मीणा के नेतृत्व में जोन स्टॉफ एवं पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में चांदपोल सब्जी मंडी सहित निम्न स्थानों पर कार्यवाही की गईः-(1). चांदपोल बाजार सब्जी मण्डी के पास में सरकारी भूमि पर काफी वर्षों से स्थाई अतिक्रमण कर कब्जा किया हुआ था जिसको जेसीबी की सहायता से ध्वस्त करवाकर नगर निगम जयपुर हैरिटेज सम्पति का बोर्ड लगवाया जाकर उक्त परिसर में बाउण्ड्री करवाई गई।(2). नोबल स्कॉलर्स स्कुल परिसर के पीछे मकान न. 1003 व 1004 बगरू वालो का रास्ता, चांदपोल बाजार जयपुर में सरकारी भूमि पर निर्माण कर लिया गया था जिसको ध्वस्त करवाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। (3) मकान न. 3557 सक्सेना सदन के सामने वाली गली नाहरगढ थाने के पास जयपुर में सरकारी गली के अन्दर 7-8 फिट ऊंची दिवार बना ली गई थी जिसको ध्वस्त करवाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।उपायुक्त सतर्कता नगर निगम जयपुर हैरिटेज के निर्देशानुसार प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु अस्थायी अतिक्रमण दस्ते व पुलिस जाप्ता द्वारा चांदपोल बाजार से अस्थाई अतिक्रमण सडक, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थल, बरामदो से हटवाया गया व 02 टेज्क्टर सामान जब्त कर जनता मार्केट गोदाम में जमा करवाया गया।उक्त कार्यवाही की फोटोग्राफी करवाई गई। कार्यवाही निरन्तरता मे जारी रहने के लिए माईक द्वारा दुकानदारो को शटर के बाहर बरामदो मे फुटपाथो व सडक पर सार्वजनिक जगह पर भविष्य मे कोई सामान नही रखे पाये जाने पर जप्त किया जाकर चालान किया जायेगा के लिए सूचित किया गया।



## जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के यदु कृष्ण शर्मा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी पद पर हुए पदोन्नत

- **सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने जारी किये पदोन्नति आदेश**

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी)05 फरवरी।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, जयपुर में पदस्थापित यदु कृष्ण शर्मा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नत हो गए हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने सोमवार, 05 फरवरी को पदोन्नति के आदेश जारी किये। जिसमें श्री यदु कृष्ण शर्मा सहित विभाग के 12 सहायक प्रशासनिक अधिकारियों को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी पद पर पदोन्नत किया गया है।विभाग द्वारा आदेश जारी होने के बाद उपनिदेशक मान सिंह मीणा ने पदोन्नत यदु कृष्ण शर्मा को साफा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सहायक लेखाधिकारी (प्रथम) राजेश भीमवाल, सहायक जनसंपर्क अधिकारी चारू मीणा एवं नरेन्द्र सिंह शेखावत ने भी शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



## महात्मा गांधी स्कूल विरोंदा में परिवहन विभाग द्वारा किया गया सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण) धौलपुर।** जिला कलक्टर के निर्देशन में जिला परिवहन एवम सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रिय सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत विजय कुमार मीना जिला परिवहन अधिकारी के निर्देशानुसार महात्मा गांधी स्कूल विरोंधा में स्कूली छात्र छात्राओं के बीच जाकर यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने हेतु सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल नीरज कुमार शर्मा ने परिवहन विभाग के अधिकारियों का स्वागत करते हुए स्कूली बच्चों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी प्रदान कर हेतु कहा। इसी क्रम में हेमंत शर्मा परिवहन निरीक्षक ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में मोबाइल का एक उदाहरण देकर समझाया कि जिस प्रकार मोबाइल के लिए हर व्यक्ति उसे पर कवर लगाकर रखता है उसी प्रकार व्यक्ति के जीवन की सुरक्षा के लिए बाइक चलाते समय हेलमेट का लगाना बहुत आवश्यक है।सहायक लेखा अधिकारी के पद पर कार्यरत उत्तमचंद गोयल ने स्कूली बच्चों को यातायात नियमों में रोड पर लगाए जाने वाले संकेतक चिन्हों के बारे में बात कर एक प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जिसमें बच्चों से ट्रैफिक सिग्नल्स के संकेतकों के बारे में क्विज प्रतियोगिता के अंतर्गत जानकारी ली तथा जिन संकेतकों की बच्चों को जानकारी नहीं थी उनके बारे में विस्तृत रूप से उनके द्वारा बताया गया। देवेंद्र शर्मा ने बच्चों के बीच हेलमेट एवं सीट बेल्ट के बारे में न्यूटन के लॉ का हवाला देकर सीट बेल्ट तथा हेलमेट के बारे में विस्तृत रूप से बताया तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत के कारण परिवार को होने वाली क्षति से किस प्रकार एक परिवार सड़क दुर्घटना का शिकार होने पर भविष्य में खत्म हो जाता है, जानकारी प्रदान की इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।साथ ही सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत आज जिले में हरि सिंह मीणा परिवहन निरीक्षक एवं नरेश परमार सहायक प्रोग्रामर द्वारा बाल वाहिनी सघन चेकिंग जांच अभियान चलाकर उनके दसतवेजो की जांच की गई तथा वाहन चालकों को समझाया कि वाहन चलाते समय दस्तावेजों को पूर्ण रखें तथा समय पर वाहन की फिटनेस तथा वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स लगाकर ही वाहन का संचालन करें।जिन वाहनों द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया उनके चालान भी बनाए गए।



# इलेक्ट्रिक कार या एसयूवी खरीदने से पहले रखें इन बातों का ध्यान, नहीं होंगे परेशान...

*भारत सहित दुनियाभर में प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग काफी ज्यादा बढ़ रहा है। देश में भी कई इलेक्ट्रिक कार और एसयूवी की बिक्री हो रही है। लेकिन इन्हें खरीदने से पहले किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।*

- ***कीमत:*** *किसी भी इलेक्ट्रिक कार या एसयूवी को खरीदने से पहले यह जरूरी होता है कि उसकी कीमत क्या है। साथ ही आप किसी कार पर कितना खर्च करना चाहते हैं। आमतौर पर भारतीय बाजार में आठ लाख रुपये की एक्स शोरुम कीमत के साथ इलेक्ट्रिक कार उपलब्ध हैं। जिसके बाद 10 से 20 लाख, 20 से 30 लाख, 30 से 50 लाख और 50 लाख रुपये से ज्यादा की कीमत वाली इलेक्ट्रिक कार और एसयूवी भी भारतीय बाजार में उपलब्ध हैं।*

या एसयूवी को खरीदने का विचार बन रहा हो तब सबसे पहले यह बात समझनी जरूरी होती है कि जिस भी वाहन को आप खरीदेंगे, वह कितनी रेंज के साथ आता है। ऐसा इसलिए जरूरी होता है क्योंकि अगर आप दिन में 200 से 300 किलोमीटर का सफर करते हैं, तो आपके लिए कम रेंज वाली कार या एसयूवी सही पसंद साबित नहीं होगी। इसलिए जब भी इलेक्ट्रिक कार खरीदने का मन बनाएं तब सबसे पहले अपनी जरूरत के मुताबिक कार या एसयूवी को शॉर्टलिस्ट करें।

- **पावर:** पेट्रोल कार या डीजल के मुकाबले इलेक्ट्रिक कार में पिकअप काफी तेज होता है। साथ ही इसमें इंजन वाली कार या एसयूवी के मुकाबले आवाज भी नहीं होती। बाजार में कई विकल्प के साथ इलेक्ट्रिक कार और एसयूवी को ऑफर किया जाता है। इनमें कुछ कम क्षमता की मोटर के साथ आती हैं और कुछ में काफी दमदार मोटर मिलती है। इसलिए इलेक्ट्रिक कार या एसयूवी की पावर को भी खरीदने से पहले देखना जरूरी होता है।




*स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे दैनिक आहार का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा सुबह का नाश्ता होता है। शोध पुष्टि करते है कि जो लोग सुबह भरपेट पौष्टिकता से भरपूर नाश्ता करते हैं वह कम बीमार होते हैं और इससे संपूर्ण स्वास्थ्य और फिटनेस बेहतर रखा जा सकता है। हालांकि हम में से ज्यादातर लोग सुबह ब्रेड-रस्क जैसी चीजों को खाना अधिक पसंद करते हैं। क्या ये सेहत के लिए फायदेमंद है, इसे अच्छा नाश्ता माना जा सकता है?*

## सुबह का यह पसंदीदा नाश्ता कहीं बिगाड़ न दे सेहत

# क्या आप भी खाते हैं चाय के साथ रस्क और ब्रेड?

**हम में से ज्यादातर लोगों को चाय में रस्क या ब्रेड डुबाकर खाना पसंद होता है लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह कॉम्बिनेशन आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। ब्रेड और रस्क दोनों को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक पाया गया है। आहार विशेषज्ञ ऋचा अवस्थी कहती हैं, रस्क और ब्रेड दोनों हमारे लिए नुकसानदायक है, दुर्भाग्य से लगभग हर घर में इनका रोजाना सेवन किया जाता रहा है। भले ही ये आपको स्वादिष्ट लगते हैं और नाश्ते में पेट भर देते हैं पर इसमें मौजूद कई चीजें पाचन से लेकर पूरी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं। रस्क-ब्रेड में ट्रांस फैट, एडिटिव्स, एडेड शुगर और ग्लूटेन होता है, जो धीरे-धीरे मेटाबॉलिज्म को प्रभावित कर सकती है।**



- **अधिक कैलोरी-मेटाबॉलिज्म का खतरा:** अध्ययन के अनुसार रस्क में ब्रेड से भी अधिक कैलोरी होती है। लगभग 100 ग्राम रस्क में लगभग 407 किलो कैलोरी हो सकती है। अधिक कैलोरी वाली चीजें न सिर्फ वजन को बढ़ाती हैं साथ ही इससे ब्लड शुगर के बढ़ने का भी खतरा हो सकता है। रस्क बिस्कुट बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली मुख्य सामग्रियों में खमीर, चीनी, तेल और मैदा हैं, ये सभी हमारे लिए नुकसानदायक हैं। इसे तैयार करने के लिए स्टेलिंग की प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिससे इसे सख्त और कुरकुरा बनाया जा सके। इन चीजों के सेवन से डायरिया, कब्ज और मेटाबॉलिज्म की समस्याओं का जोखिम हो सकता है।
- **ब्रेड भी हानिकारक:** रस्क की ही तरह अगर आप चाय के साथ ब्रेड भी खाते हैं तो इसके भी कई नुकसान हैं। व्हाइट ब्रेड, अत्यधिक प्रोसेस्ड आटा और एडिटिव्स जैसे अस्वास्थ्यकर चीजें से बनाए जाते हैं। बहुत अधिक सफेद ब्रेड का सेवन मोटापा, हृदय रोग और मधुमेह के जोखिमों को बढ़ाने वाला माना जाता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि अधिक मात्रा में प्रोसेस्ड चीजों के सेवन से शरीर की सूजन प्रतिक्रिया बढ़ सकती है जिससे कि आंतों के माइक्रोबायोम की दिक्कतों के बढ़ने का भी खतरा रहता है।
- **बढ़ सकता है मोटापा-शुगर लेवल:** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आप अक्सर रस्क-ब्रेड या मैदे से बनी चीजों का सेवन करते हैं तो इससे सबसे बड़ा दुष्प्रभाव वजन बढ़ने की समस्या के रूप में देखा जाता है। आहार के पाचन के दौरान इन चीजों से तेजी से शरीर में ग्लूकोज का स्तर भी बढ़ने लगता है जोकि डायबिटीज के रोगियों के लिए जोखिम कारक हो सकता है। हमेशा स्वस्थ और पौष्टिक नाश्ते का ही चयन करें, रस्क-ब्रेड के अधिक या रोजाना सेवन से बचना चाहिए।

# खरीदने जा रहे हैं जींस तो खास तौर पर रखें इन बातों का ध्यान

**आज के समय में चाहे पुरुष हो या महिला, हर कोई जींस पहनना पसंद करता है। जींस एक ऐसा परिधान है, जो काफी आरामदायक होता है। अच्छी जींस बनाने में उच्च क्वालिटी कपड़ा उपयोग किया जाता है जो इसे बहुत सुविधाजनक बनाता है। जींस को रोजाना की जिंदगी में पहनना बहुत आरामदायक होता है। इसे लोग कॉलेज, कार्यालय, यात्रा, शॉपिंग या अन्य सामान्य दिनों में पहन सकते हैं। कंफर्टेबल रहने के साथ-साथ जो लोग स्टाइलिश भी दिखना चाहते हैं वो जींस पहनना ज्यादा पसंद करते हैं। कई बार जींस खरीदते वक्त हम संशय में रहते हैं कि हमें जींस में कंफर्ट लेवल देखना चाहिए या लुक, इसी सोच के चक्कर में लोग अपने हिसाब से जींस खरीद नहीं पाते। इस परेशानी बचने के लिए इन बातों का रखें ध्यान।**



- **साइज :** जब आप जींस खरीद रहे हैं, तो अपनी साइज की जींस का चयन करना महत्वपूर्ण है। अलग-अलग ब्रांड और स्टाइल के साइज में अंतर हो सकता है, इसलिए अपना साइज मापने के लिए एक टेप का उपयोग करें और उसके अनुसार जींस का चयन करें।
- **स्टाइल:** आज-कल बाजारों में मिलने वाली जींस विभिन्न स्टाइल और कटिंग उपलब्ध होती हैं। अपने स्टाइल और पसंद के अनुसार जींस का चयन करें।
- **गुणवत्ता:** जींस खरीदते वक्त उसकी क्वालिटी का खास ध्यान रखें। ध्यान रखें कि महंगी जींस हमेशा अच्छी क्वालिटी की नहीं होती है, इसलिए पैसे और क्वालिटी दोनों का ध्यान रखें। अच्छी क्वालिटी की जींस पहनकर ही आपको आराम मिल सकता है।
- **रंग और विशेषताएं:** अपनी पसंद और उपयोग के अनुसार ही जींस का रंग चुनें, जैसे कि डार्क ब्लू, लाइट ब्लू, ब्लैक, डिस्ट्रेस्ड, या स्टोनवॉश आदि।
- **धोने का तरीका:** जींस खरीदते वक्त इस बात का पता कर लें कि उसे धोना कैसे है। कुछ जींस हाथों से धोई जा सकती हैं, जबकि कुछ ड्राई क्लीन से बाद ही साफ होती हैं। बहुत सी जींसों में लिखा होता है कि इसे वाशिंग मशीन में नहीं धो सकते।

# फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में है कॅरियर की अपार संभावनाएं

**बीते** कई दशकों से फैशन इंडस्ट्री बहुत तेजी से छलांग भर रहा है। कपड़ों से लेकर जूतों तक, चश्मे से लेकर घड़ी तक और दूसरी तमाम एक्सेसरीज में अनेकानेक फैशन ब्रांड्स की भरमार, आपको अवश्य ही ललचाती होगी। शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जो फैशन से प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित नहीं होगा। कपड़ों का बाजार, एक्सपोर्ट हाउस की प्रोग्रेस ने इस क्षेत्र में कैरियर की तमाम संभावनाओं को जन्म दिया है। निश्चित तौर पर फैशन उद्योग को आगे बढ़ाने में फैशन डिजाइनिंग ने बड़ी भूमिका निभाई है। कुछ दशक पहले तक फैशन डिजाइनिंग, जहां कपड़ों की सिलाई तक ही सीमित रहती थी, तो अब इसमें क्रिएटिविटी कई स्तर पर कार्य कर रही है। ऐसे में अगर आप भी फैशन डिजाइनिंग का कोर्स करना चाहते हैं, तो आपका क्रिएटिव होना बेहद जरूरी है। बता दें कि सबसे पहले कोई फैशन डिजाइनर कागज पर अपने डिजाइन को स्केच करता है, और वर्तमान में तमाम सॉफ्टवेयर इसमें उसकी मदद करते हैं। इसी क्रम में फैशन डिजाइनिंग इलस्ट्रेशन के कोर्स भी किए जा सकते हैं। अगर ऑनलाइन आप बेसिक फैशन इलस्ट्रेशन का कोर्स कर लेते हैं, तो यह आपकी ना केवल प्रोफेशनल हेल्प करेगा, बल्कि किसी बढ़िया इंस्टिट्यूट में दाखिला लेने में मदद भी कर सकता है। इलस्ट्रेशन के अलावा जो कंप्यूटर स्किल आपको फैशन डिजाइनिंग में चाहिए, वह है ग्राफिक एडिटिंग सॉफ्टवेयर, फोटोशॉप, इलस्ट्रेटर, कोरल ड्रा जैसे सॉफ्टवेयर की जानकारी। मुख्यतः यही यूज होते हैं इस इंडस्ट्री में। इन सॉफ्टवेयर पर आप कंप्यूटर ऐडेड डिजाइन बनाने में जितने परफेक्ट होंगे, उतनी ही आपकी फैशन डिजाइनिंग कॅरियर की संभावना आगे जायेगी।



तीसरा पॉइंट क्रिएटिविटी का है। जी हां! आप कितना नया सोच सकते हैं। कितने प्रयोग कर सकते हैं, इनोवेशन कर सकते हैं, और डिजाइंस को कितना सिंपल रखते हुए आकर्षक बना सकते हैं, या फिर कलर्स का कितना बेहतरीन प्रयोग कर सकते हैं। ऐसी चीजें आपको फैशन डिजाइनिंग की दुनिया में आगे ले जाने में काफी सहायता करती हैं।

## एक नजर

### मुम्बई के खिलाफ जीत के हीरो रहे यूपी के गेंदबाज असम के बल्लेबाजों के आगे बेसअर

**कानपुर।** मुम्बई जैसी मजबूत क्रिकेट टीम के खिलाफ सीधी जीत हासिल करने वाली यूपी के धुरन्धर गेंदबाज ग्रीनपार्क में चल रहे रणजी ट्राफी मैच में असम के बल्लेबाजों पर अपना असर छोड़ने में नाकामयाब रहे। अंकित राजपूत, आकिब खान व प्रिन्स यादव की तेज धार वाली तिकडी असम के बल्लेबाजों को शतक जडने से भी नहीं रोक सके। असम के 2 विकेट पाने में बांए हाथ के स्पिन गेंदबाज शिवम शर्मा सफल रहे। यूपी क्रिकेट टीम के ये वही गेंदबाज हैं जिन्होंने मुम्बई जैसी मजबूत टीम को पराजित करने में शानदार सफलता हासिल की थी लेकिन अपने ही घरेलू मैदान में वह सभी बेअसर साबित रहे और इतना बडे स्कोर के बावजूद लम्बी बढ़त बना पाने मे सफल नहीं हो सके। रविवार को असम के ओपनर बल्लेबाज परवेज मुशर्रफ 129 और राहुल हजारिका के 128 रनों ने यूपी के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उडाते पहले विकेट के लिए 224 रनों की साझेदारी निभाई।

### हमारे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं: विलियम्स



**दुबई।** शारजाह वॉरियर्स रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 मुकाबले में गल्फ जाइंट्स से 79 रन से हार गया। जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 187 रन बनाए थे, जवाब में वॉरियर्स की टीम108 रनों पर सिमट गई। मैच के बाद जिम्बाब्वे के हरफनमौला खिलाड़ी सीन विलियम्स ने फ्रैंचाइजी द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में उन तीन विकेटों के बारे में बात की जो वह महंगे होने के बावजूद हासिल करने में कामयाब रहे, उन्होंने कहा, ₹इन परिस्थितियों में अच्छी गेंदबाजी करना हमेशा अच्छा होता है, खासकर उन बल्लेबाजों पर दबाव बनाना जो गल्फ जाइंट्स के पास हैं। हमें अंत में गेंदबाजी करते समय कुछ जोखिम लेना पड़ा, लेकिन ये चीजें खेल के अंत में की जानी चाहिए। दुर्भाग्य से, मेरा निष्पादन पर्याप्त अच्छा नहीं था। विलियम्स ने विशेष रूप से हेटमायर की बहुत प्रशंसा की, जब उनकी विस्फोटक जीत ने वॉरियर्स से मैच छीन लिया, शिमरोन हेटमायर ने वास्तव में अच्छा खेला।

### एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के लिए भुवनेश्वर पहुंची भारतीय पुरुष हॉकी टीम



**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 अभियान की शुरूआत करने के लिए सोमवार को भुवनेश्वर पहुंची। टीम पिछले सीजन में पोडियम फिनिश से चूक गई थी और नीदरलैंड, ग्रेट ब्रिटेन और बेल्जियम के बाद चौथे स्थान पर रही थी। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (पुरुष) 10 फरवरी से 16 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में होने वाली है। इसके बाद लीग का दूसरा चरण राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में 19 फरवरी से 25 फरवरी तक खेला जाएगा। भारत सीजन के अपने पहले मैच में 10 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा, उसके बाद 11 फरवरी को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम नीदरलैंड से भिड़ेगा। थोड़े समय के ब्रेक के बाद, वे 15 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगे, और फिर वे 16 फरवरी को भुवनेश्वर चरण के आखिरी मैच में आयरलैंड का सामना करेंगे।

आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप का सेमीफाइनल बेनोनी में

# दक्षिण अफ्रीका की कठिन चुनौती के लिए तैयार भारत

● नमन ने 4 विकेट लेकर भारत की 201 रन की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम बेनोनी में मंगलवार को आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 के पहले सेमीफाइनल में मेजबान दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। भारत अब तक पूरे टूर्नामेंट में एक ताकत रहा है, टीम ने न केवल अपने प्रत्येक पांच मैच जीते हैं, बल्कि पांच में तीन मैच 200 से अधिक रनों के अंतर से जीता है। भारत को बल्ले और गेंद दोनों से लगातार योगदान देने वाले खिलाड़ी मिले हैं, लेकिन यह उनकी बल्लेबाजी क्षमता ही है जो टूर्नामेंट में सबसे अलग रही है। उल्लेखनीय रूप से, टूर्नामेंट में अब तक पांच अलग-अलग खिलाड़ियों ने शतक बनाए हैं। सौम्या पांडे के शानदार चार विकेट की बदौलत भारत ने बांग्लादेश पर 84 रन की शानदार जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरूआत की। आयरलैंड के खिलाफ अगले मैच में, मुशीर खान के शतक ने भारत को 300 रन के आंकड़े से आगे बढ़ाया, इसके बाद नमन तिवारी ने 4 विकेट लेकर भारत की 201 रन की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय टीम ने संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ एक बार फिर 300 रन का आंकड़ा पार किया, इस बार सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी ने शतक लगाया, इसके बाद एक बार फिर नमन ने चार विकेट लिए और भारत ने मैच एक बार फिर 200 के अंतर से मैच जीता।

मुशीर खान ने टूर्नामेंट में अपने दूसरे शतक के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और कीवी टीम के सामने 296 का लक्ष्य रखा। सौम्य पांडे के चार विकेटों की बदौलत भारतीय टीम ने ब्लैककैप्स को सिर्फ 81 रन पर सिमेट दिया और एक बार फिर 200 से ज्यादा रनों से जीत दर्ज की।

## हंगरी के रासोव्स्की ने जीता दूसरा ओपन वॉटर विश्व खिताब




**दोहा। एजेंसी**

क्रिस्टोफ रासोव्स्की ने रविवार को यहां 2024 विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 किमी ओपन वॉटर तैराकी का खिताब जीत लिया है। 2023 विश्व चैंपियनशिप में उपविजेता बनकर अपना ओलंपिक कोटा पहले ही सुरक्षित कर चुके हंगरी के रासोव्स्की ने एक घंटे, 48 मिनट और 21.20 सेकंड के समय के साथ अपना दूसरा विश्व खिताब जीता। खिताबी जीत के बाद तैराक ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, ₹यह एक अविश्वसनीय जीत है और स्पर्धा के दौरान इसकी स्थितियाँ एकदम सही थीं। इस खिताबी जीत के बाद वह दोहा में बुधवार को होने वाली पुरुषों की 5 किमी वॉटर तैराकी में दोहरी सफलता हासिल करने के लिए तैयार हैं। फ्रांस के मार्क-एंटोनी ओलिवियर ने 2.4 सेकंड पीछे रहते हुए रजत पदक हासिल किया, जबकि ब्रिटेन के हेक्टर पार्डो पोडियम से बाहर हो गए।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे एकदिनी से मैथ्यू शॉर्ट बाहर, बेन मैकडरमॉट ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल



**मेलबर्न। एजेंसी**

क्वींसलैंड के बल्लेबाज बेन मैकडरमॉट को वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के लिए सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई शामिल किया गया है। मंगलवार को खेले जाने वाले मैच के लिए मैकडरमॉट मैथ्यू शॉर्ट की जगह लेंगे, जो कैनबरा में निचले स्तर की हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए हैं। शॉर्ट को रविवार को एससीजी में सीरीज जीतने के दौरान चोट लगी थी। उन्होंने बल्ले से 41 रन बनाए लेकिन बल्लेबाजी के दौरान चोट लगने के बाद वह क्षेत्ररक्षण करने में असमर्थ रहे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, मैकडरमॉट को क्वींसलैंड में चल रहे मार्श शेफील्ड शील्ड मैच से बाहर कर दिया गया था ताकि वे वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले कैनबरा की यात्रा कर सकें। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने शनिवार को केएफसी बीबीएल.13 में बुल्स के लिए करियर की सर्वोच्च नाबाद 146 रन की पारी खेली। वह टूर्नामेंट में 261 रन के साथ सातवें स्थान पर रहे। मैकडरमॉट ने मार्च-अप्रैल 2022 में पाकिस्तान दौरे के बाद से ऑस्ट्रेलिया के लिए एकदिवसीय मैच नहीं खेला है। उन्होंने उस दौरे पर अपना पहला और एकमात्र एकदिवसीय शतक बनाया था। उन्होंने विश्व कप के बाद भारत में हाल ही में टी20 श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेला और बेंगलुरु में अंतिम टी-20 में 36 गेंदों पर 54 रन बनाए। 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद मैकडरमॉट के नाम 25 टी20आई और छह एकदिवसीय मैच हैं। स्पेंसर जॉनसन को भी टीम में बुलाया गया है, जबकि जेवियर बार्टलेट के मेलबर्न में शानदार पदार्पण के बाद सिडनी में मैच से आराम लेने के बाद टीम में वापसी की संभावना है।

# चीन ने कलात्मक तैराकी टीम एक्रोबेटिक में जीता स्वर्ण पदक



**दोहा। एजेंसी**

चीन ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में रविवार को कलात्मक तैराकी टीम एक्रोबेटिक में 244.1767 अंकों के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। फाइनल में कांटे का मुकाबला देखने को मिला, जिसमें शीर्ष तीन टीमें खिताब के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। यूक्रेन ने चीन से महज 0.8600 अंकों से पिछड़ते हुए रजत पदक हासिल किया। संयुक्त राज्य अमेरिका ने 242.2300 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। छठे स्थान पर फाइनल में प्रवेश करने के बावजूद, संयुक्त राज्य अमेरिका ने असाधारण प्रदर्शन किया, जिससे उनके प्रतिस्पर्धियों पर तीव्र दबाव बढ़ गया। 45 वर्षीय बिल मे के नेतृत्व में अमेरिकी टीम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

जीत के बाद चीनी कोच झांग शियाओहुआन ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, उनके उत्कृष्ट स्कोर के बाद, हमारी टीम एक बार शांत हो गई। उस पल, मैंने उनसे कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका हमारा प्रतिद्वंद्वी नहीं है, और हम अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। यह खिताब फुकुओका 2023 के बाद से इस स्पर्धा में चीन का दूसरा स्वर्ण पदक है। कोच झांग ने विशेष रूप से जुड़वा, वांग कियानयी और वांग लियूई के प्रदर्शन की सराहना की। झांग ने कहा, हांग्जो एशियाई खेलों के बाद केवल तीन महीने की एकजुटता के बाद, उन्हें अपने युगल मुक्त प्रदर्शन के अलावा अतिरिक्त सामूहिक प्रशिक्षण भी करना पड़ा। यह आसान नहीं था।

### श्रीलंका सीरीज के लिए नैब की अफगानिस्तान वनडे टीम में वापसी, राशिद की रिकवरी जारी



**नई दिल्ली।** स्टार स्पिनर राशिद खान श्रीलंका के खिलाफ अफगानिस्तान की तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाए हैं, जो 9 फरवरी से पल्लेकेले में शुरू हो रही है। अफगानिस्तान के शीर्ष स्पिनर की पिछले साल के अंत में पीठ की सर्जरी हुई थी और उन्होंने नवंबर में 2023 वनडे विश्व कप के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। कैस अहमद, जिन्होंने अब तक अफगानिस्तान के लिए सिर्फ एक वनडे खेला है, श्रीलंका में राशिद की जगह लेंगे। नूर अहमद, जो एसए20 में डरबन के सुपर जाइंट्स के लिए खेल रहे हैं, राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल होंगे और लीग के अंतिम चरण से चूक जाएंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) द्वारा रविवार को जारी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, नजीबुल्लाह जादरान, जो अफगानिस्तान की विश्व कप टीम का हिस्सा थे, को श्रीलंका वनडे के लिए बाहर रखा गया है, जबकि अब्दुल रहमान को केवल रिजर्व के रूप में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बाहर होना पड़ा। भारत के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में अपने बड़े हिटिंग से प्रभावित करने वाले ऑलराउंडर गुलबदीन नैब को वनडे टीम में वापस बुला लिया गया है।

# भारत ने इंग्लैंड को 106 रनों से हराया

● पांच मैचों की श्रृंखला में की 1-1 से बराबरी ● रविचंद्रन अश्विन ने डकेट को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी



**विशाखापत्तनम। एजेंसी**

भारत ने यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड को 106 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली। जसप्रीत बुमराह (पहली पारी में 6 विकेट, दूसरी पारी में 3 विकेट) को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इंग्लैंड ने पहला मैच 28 रन से जीता था। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यशस्वी जयसवाल (209) के दोहरे शतक की बदौलत पहली पारी में 396 रन बनाए थे, जवाब में इंग्लैंड ने जैक क्रॉली (76) के अर्धशतक की बदौलत अपनी पहली पारी में 253 रन बनाए। पहली पारी के आधार पर भारत को 143 रन की बढ़त मिली। इसके बाद भारतीय टीम ने दूसरी पारी में शुभमन गिल (104) के शतक की बदौलत 255 रन बनाए और इंग्लैंड के सामने 399 रनों की लक्ष्य रखा। 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को जैक क्रॉली और बेन डकेट ने एक बार फिर सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। रविचंद्रन अश्विन ने डकेट को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। डकेट ने 28 रन बनाए। अक्षर पटेल ने 95 के कुल स्कोर पर रेहान अहमद को एलबीडब्ल्यू कर इंग्लिश टीम को दूसरा झटका दिया। रेहान ने 23 रन बनाए। 132 के कुल स्कोर पर अश्विन ने ओली पोप को कप्तान रोहित शर्मा के हाथों कैच कराकर भारत को चौथी सफलता दिलाई।

## कारोबार की खबरें

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले



**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में आज मजबूती के साथ कारोबार होता नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद मामूली बिकवाली का दबाव भी बना। लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण शेयर बाजार के दोनों सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.23 प्रतिशत और निफ्टी 0.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा मोटर्स, बीपीसीएल, सिप्ला, सन फार्मास्युटिकल्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 7.60 प्रतिशत से लेकर 2.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर यूपीएल, कोटक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और ग्रासिम इंडस्ट्रीज के शेयर 6 प्रतिशत से लेकर 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,028 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,336 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 692 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 8 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 39 शेयर हरे निशान में और 11 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 67.25 अंक की तेजी के साथ 21,921.05 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक भी करीब 20 अंक की कमजोरी के साथ 21,833.40 अंक तक गिर गया। लेकिन थोड़ी देर बाद ही बाजार में खरीदारी शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक ने भी रफ्तार पकड़ ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 21,964.30 अंक तक पहुंचा गया।

**सूचकांक लाल निशान में 71,972.77 अंक तक लुढ़का**

**बीएसई का सेंसेक्स 183.49 अंक की मजबूती के साथ 72,269.12 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक लाल निशान में 71,972.77 अंक तक लुढ़क गया। लेकिन इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 165.32 अंक की बढ़त के साथ 72,250.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।**

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों पर दबाव



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत नजर आ रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए थे। हालांकि आज डाउ जॉन्स फ्यूचर्स गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद आखिरी वक्त में हुई बिकवाली के कारण मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में आमतौर पर गिरावट के साथ कारोबार हो रहा है।

टेक शेरों में आई तेजी के कारण पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक में मजबूती बनी रही। डाउ जॉन्स 135 अंक उछल कर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,964.55 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डैक 277.29 अंक यानी 1.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,638.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज 0.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 38,570.52 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान ज्यादातर समय तक तेजी बनी रही। लेकिन आखिरी वक्त में हुई बिकवाली के कारण एक सूचकांक मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। एफटीएसई इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,615.54 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,592.26 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ 16,918.21 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में आमतौर पर दबाव की स्थिति बनी हुई है। एशिया के 9 बाजारों में से 2 के सूचकांक बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं, जबकि 7 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 199.54 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 36,357.56 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,087.97 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,936.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

### पेटीएम के शेयर में लगातार तीसरे दिन 10 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन पेमेंट सर्विसेज मुहैया कराने वाली पेटीएम की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पेटीएम के शेयर में लगातार तीसरे दिन गिरावट आई है। कंपनी के शेयर शुरूआती कारोबार में 10 फीसदी तक लुढ़क गए हैं। इस तरह कंपनी के शेयर में पिछले तीन कारोबारी सत्र में 42 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज हुई है, जिससे उसके बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में 20,471.25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर कंपनी का शेयर 10 फीसदी की गिरावट के साथ 438.35 रुपये पर आ गए हैं। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 9.99 फीसदी गिरकर 438.50 रुपये पर पहुंच गए। पिछले तीन कारोबारी सत्र में पेटीएम के शेयर में 42 फीसदी से अधिक की गिरावट आने के कारण उसका मार्केट कैप 20,471.25 करोड़ रुपये तक घट गया है।

पांच दिवसीय साहित्य मैराथन में साहित्य और कला ,अभिव्यक्ति की आजादी, इतिहास शिक्षा, लोकतंत्र पलायन, व्यंजन, खेल, पत्रकारिता, जैसे गंभीर विषयों पर आयोजित हुई कार्यशालाएं

# सैमसंग गैलेक्सी टैब एस 9 सीरिज जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2024 का गुलाबी नगरी में शानदार समापन हुआ










## वैश्विक साहित्यकारों लेखकों, विचारकों, शिक्षाविदों ,पत्रकारों राजनीतिक विश्लेषकों, कलाकारों ने अपने अनुभवों और उद्गारों से जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में बांधा समां

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी)** सैमसंग गैलेक्सी टैब ऱ9 सीरीज़ जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2024, 5-दिवसीय साहित्यिक मैराथन का शानदार समापन हुओ फेस्टिवल में संस्मरण से लेकर स्पोर्ट्स, हिस्ट्री से माइग्रेशन और फूड से लेकर कई विषयों पर बात हुई
अंतिम सुबह की शुरुआत सप्तक चटर्जी के प्रदर्शन के साथ हुई, जो तीसरी पीढ़ी के हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक थे, जिन्होंने अपने शास्त्रीय वायलिन से मधुर धुनें बजाईं।

### ● दिन के कुछ प्रमुख सत्र रहे

सत्र 'शाहजहानाबादः ऑन देल्ही'स ब्रोकन हिस्ट्री' में तीन इतिहासकारों, स्वप्ना लिडल, राणा सफवी और विलियम डेलरिम्पल ने शाहजहानाबाद/दिल्ली के इतिहास पर दिलचस्प चर्चा की इतिहासकार और लेखिका स्वप्ना ने कहा, ''अभी हाल ही में प्रकाशित मेरी किताब (शाहजहानाबाद) मेरे दिल के काफी करीब है उसमें अकबर द्वितीय और उनके पुत्र बहादुर शाह ज़फर द्वितीय के जीवनकाल को वर्णित किया गया है'' शाहजहाँ ने 17वीं सदी में शाहजहानाबाद की स्थापना की थी, जो वर्तमान में देश की राजधानी दिल्ली है लेखिका राणा सफवी ने दिल्ली पर छह किताबें लिखी हैं, ''मुझे अतीत को देखना और वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता तलाशना अच्छा लगता है'' हाल ही में मेहरौली, दिल्ली में प्रशासन द्वारा गिराई गई मस्जिद के सन्दर्भ में उन्होंने कहा, ''उस मस्जिद का नवीनीकरण का कार्य 1983 में हुआ था और वो पुरातत्वविभाग के स्मारक में शामिल थी'' 'प्रणब माय फादरः ए डॉटर रेमेम्बेर्स' सत्र की शुरुआत शर्मिष्ठा मुखर्जी द्वारा अपने पिता को याद करने से हुई उन्होंने अपने पिता की डायरी एंट्रीज का भी खुलासा किया, जिस पर उनकी नई किताब, प्रणब माई फादरः ए डॉटर रिमेम्बर्स आधारित है। उन्होंने स्नेहपूर्वक याद करते हुए कहा, ''उन्होंने अपनी डायरी में दर्ज किया कि उनके समय के दौरान कांग्रेस का कमजोर होना शुरू हुआ थो इसकी वजह थी उनके (इंदिरा गांधी) द्वारा किए गए दो विभाजन और सत्ता की पूरी एकाग्रतो शर्मिष्ठा ने कांग्रेस और अपने पिता से जुड़ी कई यादों को साझा कियो 'माइग्रेंट्सः इंटरकनेक्शंस अक्रॉस टाइम' सत्र में न केवल मनुष्यों, बल्कि पौधों और पशु प्रजातियों के प्रवासन पैटर्न और आदतों की चर्चा हुई पूर्व बीबीसी संवाददाता और लेखक, सैम मिलर ने बताया कि सीमाएँ, पासपोर्ट और वीज़ा हाल ही में ईजाद हुए हैं, और मनुष्यों की आवाजाही का इतना राजनीतिकरण भी नया ही है। उन्होंने कहा, ''हम अक्सर भूल जाते हैं कि हमारे सभी पूर्वज प्रवासी थे।'' लेक्चरार और लेखक, सुरेशकुमार मुथुकुमारन ने सीमाओं के पार जाने वाली फसलों और पौधों की भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान की, और ये भी बताया कि इसने व्यापार व राजनीतिक संबंधों को कैसे प्रभावित किया है
'अराउंड द वर्ल्ड इन एट्टी गेम्स' सत्र में लेखक, गणितज्ञ और विज्ञान की सार्वजनिक समझ के प्रोफेसर, मार्कस डू सौतोय की नई किताब, अराउंड द वर्ल्ड इन एट्टी गेम्स पर चर्चा हुई, जिसमें उन्होंने खेलों की उत्पत्ति की खोज करते हुए दुनिया भर की यात्रा की और समझा कि क्या उन्हें आकर्षक बनाता है। सौतोय ने कहा, ₹...मुझे लगता है कि खेल और कहानियों में बहुत कुछ समान है, उनमें एक तरह का नाटक होता है, एक शुरुआत, एक मध्य और एक अंत लेकिन मुझे लगता है कि खेल विशेष हैं क्योंकि एक कहानी आपको दुखी कर सकती है... लेकिन एक गेम के नतीजे आपके एक्शन पर निर्भर होते हैं, क्योंकि गेम में आप कहानी से अधिक सक्रिय भागीदार होते हैं'' सत्र 'द नरेटिव आर्क' में अनुभवी लेखिका, मृदुला गर्ग और साहित्यिक कार्यकर्ता और अनुवादक, कल्पना रैना ने अपनी शानदार साहित्यिक यात्राओं और अनुवादों में प्रतिष्ठित योगदान पर बात की रैना ने 'वड्र्स विदाउट बॉर्डर्स' के बारे में बात की जो उन लोगों को एक मंच प्रदान करता है, जिनके पास अंग्रेजी भाषी दुनिया में कोई आवाज नहीं है। अनुवाद की शक्ति के बारे में बोलते हुए गर्ग ने कहा, ''अनुवाद भी सृजन है। यह लिखने जैसा ही है कि आपको अपने अहंकार को लेखक के अधीन बनाना होगा।''
'द डे आई बिकेम ए रनर' सत्र में पुरस्कृत पत्रकार, सोहिनी चट्टोपाध्याय ने अपनी नई किताब, द डे आई बिकम ए रनर पर चर्चा की, जो 1940 के दशक से लेकर स्वतंत्र भारत के वर्तमान क्षणों तक आठ महिला एथलीटों की कहानी प्रस्तुत करती है। उन्होंने आगे कहा, ''मैं नौ महिला एथलीटों के माध्यम से 1940 के दशक के उत्तरार्ध से लेकर वर्तमान क्षण तक भारत की एक कहानी बताती हूं.यह खेल के माध्यम से भारत की महिलाओं का इतिहास है, क्योंकि खेल महिलाओं को आगे बढ़ने की वैधता देते हैं, घर के निजी क्षेत्र से सार्वजनिक क्षेत्र की दहलीज तक।₹ चट्टोपाध्याय ने भारतीय शहरों में विशेषकर महिलाओं के लिए दौड़ने की घटिया स्थितियों पर चिंता व्यक्त की। चट्टोपाध्याय द्वारा देश भर में एथलीटों के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे और निवेश की आवश्यकता पर जोर देने के साथ सत्र समाप्त हुआ। 'कैन आई स्पीक फ्रीली?' सत्र में ऑल सोल्स कॉलेज, ऑक्सफ़ोर्ड में सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत की प्रोफेसर और प्रसिद्ध लेखिका, अमिया श्रीनिवासन ने सार्वजनिक और निजी स्थानों में पुलिसिंग की भूमिका और 'कैंसल कल्चर' पर बात की। श्रीनिवासन ने कहा, ₹हम सभी एक-दूसरे की आलोचना करने में शायद कुछ ज्यादा ही तेज हैं, खासकर सोशल मीडिया पर... यह एंटी-इंटेलेक्चुअल है।₹ उन्होंने सभी क्षेत्रों में स्वतंत्र भाषण की रक्षा और संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया, चाहे वे शैक्षणिक, राजनीतिक या सामाजिक हों।
फेस्टिवल की बहुचर्चित 'क्लोजिंग डिबेट' में 'फ्री स्पीच विल सर्वाइव सर्वाइवेलेंस टेक्नोलॉजी एंड प्राइवेसी इन्वेजन' पर चर्चा हुई मोशन के पक्ष में बोलते हुए, मोहित सत्यानंद ने कहा, ''बिना फ्री स्पीच के ये जेएलएफ भी नहीं होता. भविष्य खुले हाथों से लिखा जाता है, हाथ बांधकर आप भविष्य नहीं लिख सकते'' मोशन के विपक्ष में ऑक्सफोर्ड के शिक्षाविद मार्कस दू सौतोय ने कहा, ''डिजिटल मोबिंग के समय में अपनी बात कहना बहुत मुश्किल है. ये तकनीक डर का माहौल पैदा कर रही है यहां आप कुछ कहते या पोस्ट करते हैं और तुरंत ही उसके नतीजे भुगतने पड़ते हैं'' मोशन के पक्ष में वकील पिंकी आनंद ने कहा, ''आज के समय में सबसे पास फोन है, टैब हैं... और किसी न किसी तरह से हमारी निगरानी भी हो रही है, लेकिन एक मायने में वो हमारी सुरक्षा के लिए ही है तकनीक की वजह से ही निर्भया के मुजरिम पकडे गऐ'' मोशन के विपक्ष में हिंदू के रेजिडेंट एडिटर और लेखक वर्गीस के.जॉर्ज ने कहा, ''हर चीज की एक कीमत होती है फ्री स्पीच से पहले आपको मुक्त रूप से सोचने की जरूरत होती है आज के समय में कुछ ×खास ग्रुप आपके सोचने की क्षमता को प्रभावित कर रहे हैं... जब भी आप अपने मन की बात कहते हैं, तभी आप पर प्रतिबन्ध लगा दिए जाते हैं''
मोशन के पक्ष में ऑक्सफोर्ड की शिक्षाविद अमिया श्रीनिवासन ने कहा, ''ये हमारे ऊपर है. हम लोकतान्त्रिक देश के नागरिक हैं फ्री स्पीच की कीमत को बहुत देर से जाना गया है.कोई तकनीक या कोई निगरानी अब फ्री स्पीच को रोक नहीं सकते'' मोशन के विपक्ष में राजनेता और लेखक पवन के. वर्मा ने कहा, ''थ्योरी अलग है और प्रैक्टिकल अलग है, हम किसी काल्पनिक भविष्य की बात नहीं कर रहे हैं, हम वर्तमान की बात कर रहे हैं... वर्तमान में आपकी सारी कॉल्स, सारे कम्युनिकेशन को मॉनिटर किया जा सकता है लोग अब व्हाट्सएप पर बात करने से डरते हैं... यहां मैं ×गालिब को उद्धृत करना चाहूँगा, 'हरेक बात में कहते हो तुम कि ये क्या है, तुम्हीं कहो कि ये अंदाजे गुफ्तगू क्या है''' श्रोताओं ने मोशन के विपक्ष में अपना वोट दियो गौरतलब है कि वर्ष 2025 में फेस्टिवल 30 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित होगो

## संक्षिप्त समाचार

### जानकी नन्दन एस.एच.ओ.का संमता दल ने किया स्वागत सम्मान



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर में अभी कुछ दिन पूर्व ही पचगांव चौकी से स्थानांतरण होकर टाउन चौकी पुराना शहर धौलपुर में पद भार संभालने पर समता सैनिक दल के पदाअधिकारियों ने टाउन चौकी पहुंच कर रत्वड का भव्य स्वागत सम्मान किया, राष्ट्रीय सचिव बी के कंचन बौद्ध ने बताया है! कि जानकी नंदन थानेदार 2018-19 में टाउन चौकी शहर में रह चुके हैं! और अभी पुन्हे टाउन चौकी का पद भार संभाला है, इनके आने से जुआ सट्टा शराब आदि चीजों पर पाबंदी रहती है ,तथा इनके द्वारा यातायात के साधनों को अस्पताल चौराहे पर ही रोकने से पुराना शहर बाजार मे राहगीर लोगों को बहुत ही सुविधा रहती है, इस कार्यक्रम के मौके पर समता सैनिक दल के राष्ट्रीय सचिव वी. के.कंचन बौद्ध,जिलाअध्यक्ष राकेश राजोरिया राजेंद्र मौर्य , संगठन सचिव बंटी बौद्ध ,प्रचार सचिव जगमोहन शेखर ,पप्पू कंचन ,मनीष बौद्ध, कार्यकर्ता अरुण बौद्ध आदि उपस्थित रहे।

### दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन देगा ज्ञापन : गजराज सिंह राजावत

**चमकता राजस्थान। जयपुर !(खलील कुरैशी)।** दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गजराज राजावत सिंह ने बताया कि सभी अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि पंजीयन एवं मुद्राँक विभाग के रजिस्टार कार्यालय द्वारा पावर ऑफ अटॉर्नी एवं वसीयत के डॉक्यूमेंट से रजिस्ट्री कुछ दिनों से नहीं की जा रही है डॉक्यूमेंट रजिस्टर्ड होने से रुके हुवे हैं जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपए की स्टांप ड्यूटी का घाटा हो रहा है इस के संदर्भ में आई.जी. स्टाम्प व डी आई जी स्टाम्प से वार्ता की गयी मांग की गई की पूर्व की भाँति ही रजिस्ट्री का कार्य होना चाहिए लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला इस कारण पावर ऑ×फ अटॉर्नी एवं वसीयत से रजिस्ट्री पूर्व की भाँति ही करने की मांग को लेकर कल दिनांक 6 फरवरी 2024 को समय 12:30 बजे मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार व रेवेन्यू सेक्रेटरी एवं आई जी स्टाम्प के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर महोदय जयपुर व डी आई जी स्टाम्प को दिया जायेगा जिसके लिये दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन जयपुर के कार्यालय में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होवें।

## झड़वासा में द्वितीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ

### खेल मानव के समुचित विकास के लिए जरूरी : सरपंच भंवर सिंह

चमकता राजस्थान



**श्रीनगर!(रघुनंदन पारीक)** । झड़वासा, ग्राम पंचायत में झड़वासा क्रिकेट प्रतियोगिता द्वितीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को पशु चिकित्सालय के नजदीक हाइवे 48 के पास शुभारम्भ हुआमैच प्रभारी व कैप्टन भीम सिंह गौड व मुख्य कार्यकर्ता सत्यनारायण भड़क, टोनू गौड व सुनील मेघवंशी ने बताया की इस क्रिकेट प्रतियोगिता में अब तक 16 टीमों का रजिस्ट्रेशन हो चूका है ओर अभी ओर भी टीमें आएगी मैच रोमांचिक होने वाले शुभारम्भ में सरपंच भंवर सिंह गौड, गुरु नाना धूनी बाघसूरी के उपासक शंकर लाल जाट,पूर्व सरपंच देवकरण गुर्जर, भामाशाह दिनेश सोनी, सेतान सिंह गौड, रामधन व नंदकिशोर पँवार द्वारा इसकी शुरुआत कई गईं
इस प्रतियोगिता का आगामी सोमवार 12 फरवरी को समापन होगा इस अवसर पर सरपंच भंवर सिंह गौड ने अपने उदबोधन में बताया की खेल मानव के समुचित विकास के लिए जरूरी है इससे शारीरिक व मानसिक विकास होता है गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को ट्रॉफी के साथ 11111/- रूपये व द्वितीय विजेता को भी ट्रॉफी के साथ 5555/- रूपये का पुरुष्कार प्रदान किया जायेगा शुभारम्भ में सरपंच भंवर सिंह गौड द्वारा टोस प्रक्रिया के बाद मैच खेड़ी (भिनाय) के साथ जगपुरा (ढाणी) के बीच शुरू हुआ इस मौ×के पर कालू जाट,पूर्व देराठू पूर्व सरपंच दिनेश जाट सहित कई क्रिकेट खिलाडी उपस्थित थे।

## ए.वी.एम.कॉन्वेंट विद्यालय में हुआ एकदिवसीय वर्कशॉप का आयोजन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर!(रामदास तरुण)।** धौलपुर ए वी एम कॉन्वेंट विद्यालय में एकदिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्रों को परीक्षा से संबंधित निर्देशन दिए गए कि कैसे छात्रों को परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए और परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव से बचकर अपने समय का सही उपयोग करना चाहिए, साथ ही भविष्य में अपने लिए उचित करियर का चुनाव करने की जानकारी , छात्रों को दी गई। एकदिवसीय वर्कशॉप का आयोजन डॉ. प्रकाश दीप तिवारी जगदीशम इंटरनेशनल फाऊंडेशन रिसोर्स पर्सन उन्होंने छात्रों को परीक्षा एवं उनके करियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी बहुत ही सहज और आकर्षक तरीके दी। साथ उन्होंने छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को संतुष्ट किया। वर्कशॉप में शिक्षाबिद वी के त्यागी ने छात्रों को अपनी कविता क माध्यम से शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

## कलयुग में संकट मोचन हनुमान जी महाराज की भक्ति से ही मानव जीवन का उद्धार

चमकता राजस्थान



**धौलपुर!(रामदास तरुण)** बाड़ी उपखण्ड में इच्छापूर्ति फाउंडेशन के फाउंडर रामकुमार चौधरी ने टेकू चौधरी बगीची पर कराया संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन। बाड़ीः03 फरवरी 2024 शनिवार को शाम 06:00 बजे से चल रहा है बाड़ी शहर की प्रसिद्ध हौद कॉलोनी स्थित प्राचीन टेकू चौधरी बगीची संकट मोचन हनुमान मंदिर पर रामकुमार चौधरी ने अपने घर परिवार के साथ शहर में सुख शांति को लेकर कराया संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन। जिसकी शुरुआत सर्व प्रथम कार्यक्रम के आयोजक रामकुमार चौधरी के हाथों एवम प्रमुख संगीतकार(भागवताचार्य) श्रीकृष्ण शर्मा आंगई बालों के मुखारविंद द्वारा बिधीवत मंत्र उच्चारण कर श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज का पूजन कर की गई। इसके पश्चात आयोजन चौधरी द्वारा समस्त सुंदरकांड मंडल के कार्यकर्ताओं का रोली चावल से टीका कर, जय श्री राम नाम के पटका उड़ाकर स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही प्रमुख संगीतकार श्रीकृष्ण शर्मा के मुखारविंद द्वारा श्री गणेश वंदना गाई गई। इसके उपरान्त संगीतमय सुंदरकांड पाठ आरंभ हुआ। जिसको सभी भक्तजन एवम माताएं बहनों ने पूर्ण मनोयोग से गाकर संकट मोचन हनुमान जी महाराज की भक्ति का भरपूर आनंद प्राप्त किया। सुंदरकांड पाठ पूर्ण होने के उपरांत खाटू श्यामजी के भजन, मां राजराजेश्वरी कैला माता की भेंट, भोले नाथ के भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें समस्त श्रोतागण आनंदमग्न हो गए। अंत में श्री हनुमान चालीसा पाठ, हनुमान जी महाराज की आरती, राष्ट्र उत्थान के जयघोष के साथ प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के जिला सह संयोजक अंजनी पाराशर, अशोक चौधरी,क्रष्णमुरारी चौधरी, श्रीभगवान चौधरी, त्रलोक चंद चौधरी, प्रवेष चौधरी, विदित चौधरी,राजस्थान पत्रिका के वरिष्ठ पत्रकार बीरेंद्र चंसौरिया,र ऊट ऑफिस के राकेश शर्मा, पवन गोयल सर्राफ, पिंकी सर्राफ, कमल बर्मा, कलुआ वर्मा, राजबीर गुर्जर, पुनीत मंगल,मनीष मैडिकल, मांगीलाल न. पा. लोकेश गर्ग न. पा. ब्रजकिशोर शास्त्री सहेडी, ढोलक वादक सुनील जी, पैड बादक भरत शर्मा, हिंदू जागरण मंच के समर्पित कार्यकर्ता अंकित राणा, अभिनय विधौलिया, अंकित शेंकी गर्ग,चिम्मन दास जी महाराज के साथ दर्जनों सनातन धर्म प्रेमी, माताएं बहनें उपस्थित रहे!

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929